सूर्योदय 5:30 सूर्यास्त 7:05

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 26.4 अधि |
| धर्मशाला | 18.9 न्यू | 31.9 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73104.61 |
| निफ्टी | 22217.85 |
| सोना 72,820 | चांदी 86,609 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



टी-20 विश्व कप में देंगे कड़ी चुनौती: हरमनप्रीत पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 15 मई, 2024 | 2 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 147, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**अनंत ज्ञान** दैनिक समाचार पत्र **अपील: मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार, अवश्य करें**

## आज का मैच

राजस्थान रॉयल्स vs पंजाब किंग्स

समय: रात 7:30 बजे (गुवाहाटी)

## न्यूज शॉर्ट्स

### सलमान के घर पर फायरिंग मामले में छठा आरोपी काबू



**मुंबई।** सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर 14 अप्रैल को हुई गोलीबारी के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने हरियाणा के फतेहाबाद से छठा आरोपी हरपाल सिंह (37) गिरफ्तार किया है। उसे मुंबई की मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### संदेशखाली वायरल वीडियो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) केस में वायरल वीडियो का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एक महिला ने याचिका लगाकर मौजूदा हालात को लेकर एसआईटी जांच की मांग की है। एक महिला के वकील उदयादित्य बनर्जी ने कोर्ट से कहा कि संदेशखाली मामले में कई वीडियो वायरल हैं। इसमें एक व्यक्ति खुलासा कर रहा है कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ रेप के आरोप झूठे थे। उनके खिलाफ झूठे आरोप भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के निर्देश पर लगाए गए।

### चीन की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे पुतिन

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह चीन की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर आएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पुतिन वीरवार से शुरू हो रही अपनी यात्रा के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। रूस ने एक बयान में यात्रा की पुष्टि करते हुए कहा कि शी के निमंत्रण पर पुतिन चीन की यात्रा करेंगे। उसने कहा कि यह पुतिन का पांचवां कार्यकाल शुरू होने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा है। दोनों बड़े देशों का विभिन्न लोकतंत्रों और नाटो के साथ विवाद बढ़ रहा है। दोनों ही अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दक्षिण अमेरिका में प्रभाव स्थापित करना चाहते हैं।

# प्रधानमंत्री ने वाराणसी से तीसरी बार भरा नामांकन

**एजेंसी, वाराणसी**

उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट पर पीएम नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनावी मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने मंगलवार को गंगा नदी के तट पर दशाश्वमेध घाट और काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद अपना नामांकन दाखिल किया। राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में अहम भूमिका निभाने वाले पंडित गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर उनके प्रस्तावक थे। नामांकन पत्र दाखिल करते समय यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी प्रधानमंत्री के साथ थे। पीएम मोदी ने जिला मजिस्ट्रेट ऑफिस में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वाराणसी में लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में एक जून को मतदान होगा। पहली बार वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री पर्चा दाखिल करने पहुंचे थे। भाजपा को अपार बहुमत मिलने के बाद वे देश के प्रधानमंत्री बने।

### मोदी की संपत्ति 3.02 करोड़

**नरेंद्र** मोदी की ओर से नामांकन करने के दौरान दिए गए हलफनामे के मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 3.02 करोड़ रुपए है। 5 साल में यह संपत्ति 87 लाख रुपए बढ़ी। पीएम मोदी के पास न कोई घर है न जमीन और न ही कार। 2019 में उनके पास गांधीनगर में 1.10 करोड़ की प्रॉपर्टी थी। मोदी के पास 52 हजार 920 रुपए कैश है। वाराणसी से अपने पहले चुनाव (2014) में मोदी ने अपनी कुल संपत्ति 1.65 करोड़ रुपए बताई थी। दूसरे चुनाव (2019) में यह 2.15 करोड़ हो गई थी।



जिला मजिस्ट्रेट को नामांकन सौंपते नरेंद्र मोदी।

# सरकार ने ब्लॉक की 1000 ठगों की स्काइप आईडी

## गृह मंत्रालय का डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेलिंग को लेकर बड़ा एक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने देश में तेजी से बढ़ रही डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल की घटनाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 1,000 स्काइप आईडी को ब्लॉक किया है। इसके अलावा इस तरह के स्कैम में शामिल कई हजार सिम कार्ड भी ब्लॉक हुए हैं। सरकार ने इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ साझेदारी की है। यह कार्रवाई भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की ओर से की गई है।



गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, देश में साइबर अपराध से निपटने से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करता है। गृह मंत्रालय इन धोखाधड़ी से निपटने के लिए अन्य मंत्रालयों और उनकी एजेंसियों, आरबीआई और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र मामलों की पहचान और जांच के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस अधिकारियों को इनपुट और तकनीकी सहायता भी प्रदान कर रहा है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र माइक्रोसॉफ्ट की मदद से ब्लैकमेलिंग और डिजिटल अरेस्ट जैसी गतिविधियों में शामिल 1,000 से अधिक स्काइप आईडी को भी ब्लॉक कर दिया है। बता दें कि स्काइप एक वीडियो कॉलिंग ऐप है, जो कि माइक्रोसॉफ्ट का है।

इसके अलावा ऐसे धोखेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सिम कार्ड, मोबाइल और सोशल मीडिया खातों को भी ब्लॉक किया गया है। स्काइप पर यह कार्रवाई इसलिए हुई है क्योंकि अभी तक डिजिटल अरेस्ट के जितने भी मामले सामने आए हैं, उनके स्काइप का ही इस्तेमाल किया गया है।

### क्या है डिजिटल अरेस्ट?

**डिजिटल** अरेस्ट ब्लैकमेल करने का एक एडवांस तरीका है। डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार वही लोग होते हैं जो अधिक पढ़े-लिखे और अधिक होशियार होते हैं। डिजिटल अरेस्ट का सीधा मतलब ऐसा है कि कोई आपको ऑनलाइन धमकी देकर वीडियो कॉलिंग के जरिए आप पर नजर रख रहा है। डिजिटल अरेस्ट के दौरान साइबर ठग नकली पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को धमकाते हैं और अपना शिकार बनाते हैं। कई बार डिजिटल अरेस्ट वाले ठग लोगों को फोन करके कहते हैं कि वे पुलिस डिपार्टमेंट या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से बात कर रहे हैं। ये कहते हैं कि आपके पैन और आधार का इस्तेमाल करते हुए तमाम चीजें की खरीदी गई हैं या फिर मनी लॉन्ड्रिंग की गई है। इसके बाद वे वीडियो कॉल करते हैं और सामने बैठे रहने के लिए कहते हैं। इस दौरान किसी से बात करने, मैसेज करने और मिलने की इजाजत नहीं होती। इस दौरान जमानत के नाम पर लोगों से पैसे भी मांगे जाते हैं। इस तरह लोग अपने ही घर में ऑनलाइन कैद होकर रह जाते हैं।

## भारत सरकार ने लिट्टे पर प्रतिबंध की अवधि पांच साल और बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया, जो भारत की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पहुंचाने के अलावा लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में, खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधाराओं (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया।

गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि लिट्टे श्रीलंका में एक संगठन अपनी गतिविधियां चला रहा है, लेकिन इसके समर्थक, हमदर्द और एजेंट भारतीय क्षेत्र में हैं। केंद्र सरकार की राय है कि लिट्टे अब भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त है जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए नुकसानदेह हैं।

अधिसूचना में कहा गया है कि मई, 2009 में श्रीलंका में अपनी हार के बाद भी, लिट्टे ने 'ईलम' (तमिलों के लिए एक अलग देश) की अवधारणा को नहीं छोड़ा है और वह प्रचार गतिविधियों तथा धन उगाही के माध्यम से गुप्त रूप से 'ईलम' के लिए काम कर रहा है। अधिसूचना में कुछ अन्य कारणों का हवाला देते हुए कहा गया है कि लिट्टे समर्थक समूह/तत्व जनता के बीच लगातार अलगाववादी प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत तथा विशेष रूप से तमिलनाडु में लिट्टे के लिए समर्थन आधार बढ़ा रहे हैं, जिसका अंततः भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर एक मजबूत विघटनकारी प्रभाव होगा।

# कांग्रेस की झूठी गारंटियों से जनता में आक्रोश : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज धर्मशाला और गगरेट से भाजपा के विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी सुधीर शर्मा व चैतन्य शर्मा के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा और चैतन्य शर्मा रिकार्ड मतों से जीतेंगे, क्योंकि इन्होंने सत्ता का सुख छोड़कर जनता का हित चुना है। इस बार फिर हिमाचल और पूरे देश की जनता मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री और हिमाचल में भी भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

उन्होंने कांग्रेस की झूठी गारंटियों से जनता में भारी आक्रोश है। हिमाचल की जनता कांग्रेस के झूठे प्रलोभनों और वादों से खुद को ठगा-सा महसूस कर रही है। लोकसभा में भाजपा जीत का चौका लगाएगी और विधानसभा में भी छक्का लगेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल की जनता के साथ बहुत अन्याय किया है। कांग्रेस की दी झूठी गारंटियों से जनता में भारी आक्रोश है, क्योंकि जनता इनके प्रलोभनों में फंस कर खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।



अनुराग ठाकुर, सुधीर शर्मा, विपिन परमार, पवन काजल व अन्य का फूलमाला पहनाकर किया स्वागत।

हिमाचल की जनता झूठी और भ्रष्ट कांग्रेस को इन चुनावों में सबक सिखाने को तैयार बैठी है। अगले 15 दिनों के चुनाव प्रचार में कांग्रेस सरकार के 15 महीनों के कुशासन को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस को बताना चाहिए कि क्या चुनाव के बाद वह हिमाचल में भी तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के समान एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देने वाले हैं? क्योंकि जीत के बाद यहां के कांग्रेस नेता कह चुके हैं कि हमने 97 प्रतिशत हिंदुओं को हराकर सरकार बनाई है।

### मंडी से भाजपा की कंगना रनौत



मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने अपना नामांकन भरा।

### धर्मशाला से भाजपा के सुधीर शर्मा



धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने अपना नामांकन भरा।

### धर्मशाला से कांग्रेस के देवेंद्र जग्गी



धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी ने अपना नामांकन भरा।

# ईडी ने किया सिसोदिया की जमानत का विरोध

## कोर्ट में कहा, शराब घोटाले में 'आप' को बनाया जाएगा आरोपी

**एजेंसी नई दिल्ली**



दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर आज एक बार फिर सुनवाई हुई। ईडी ने याचिका पर विरोध दर्ज किया और बताया कि वह इस मामले में जल्द ही सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने वाली है। ईडी ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी को भी मामले में आरोपी बनाया जाएगा और जल्द ही सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की जाएगी।

इस मामले में केवल 17 गिरफ्तारियां होने के बावजूद 250 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई हैं। हाईकोर्ट के सामने ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि जांच अधिकारी को लगभग हर दिन अदालत में मौजूद रहना होगा।

इस मामले पर सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा कर रहे हैं। मनीष सिसोदिया के वकील दयान कृष्णन ने कोर्ट के सामने कई तर्क पेश किए। उन्होंने मुकदमे में देरी को लेकर कई सवाल उठाए।

### सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट से पहले भी खारिज हो चुकी है याचिका

**मनीष** सिसोदिया पहले भी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। तब सिसोदिया ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

**लोकसभा के लिए 6 दिन में 51 और विधानसभा के लिए 33 नामांकन**

# हिमाचल में 84 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और छह सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पूरा हो गया है। नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को प्रदेश में 27 प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन किए। चार लोकसभा सीटों पर कुल 51 नामांकन आए हैं, जबकि विधानसभा उपचुनाव की 6 सीटों पर 33 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे। कुल 84 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं, हालांकि इनमें कई प्रत्याशियों के कवरिंग कैंडिडेट भी शामिल हैं।

**चुनाव नामांकन**

अब बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 17 मई तक नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। राज्य में पहली जून को मतदान होगा और चार जून को चुनावी नतीजे घोषित होंगे। लोकसभा चुनाव में पांच महिला प्रत्याशियों और विधानसभा उपचुनाव में तीन महिला प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं। उन्होंने बताया कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से 3, मंडी से 7, कांगड़ा से 6 व शिमला संसदीय क्षेत्र से एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसके अतिरिक्त, विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाले उपचुनावों के लिए 10 नामांकन प्राप्त हुए।

## अनंत व्यंग्य





# पतंजलि मामले में अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भ्रामक विज्ञापन मामले में जारी अवमानना नोटिस पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा।



न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि पतंजलि की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने कंपनी के तीन उत्पादों के विज्ञापन वापस लेने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देने वाला हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इन तीन उत्पादों का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। पीठ ने कहा कि तीन सप्ताह के अंदर हलफनामा दायर किया जाए। उसने कहा, ''प्रतिवादी संख्या 5 से 7 (पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड, बालकृष्ण और रामदेव) को जारी अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित रखे गए हैं।''

**चेतावनी** | **विशेषज्ञों ने चारधाम यात्रा में 61% श्रद्धालु बढ़ने पर जताई चिंता**

# तीर्थ यात्रियों की बढ़ती तादाद पहाड़ के लिए खतरा!

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड में 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थ यात्रियों में भारी रुझान दिख रहा है।

यात्रा शुरू होने के बाद से करीब 1.5 लाख तीर्थ यात्रियों ने चार हिमालयी तीर्थस्थलों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ का दौरा किया है। यह पिछले साल की तुलना में भारी वृद्धि होती दिख रही है। लगभग 61 फीसदी वृद्धि दिख रही है। इससे चारधाम यात्रा पर संकट जैसी स्थिति बनी हुई है। पिछले साल पहले तीन दिनों में 95,000 तीर्थयात्री धार्मिक शहरों में पहुंचे थे। विशेष रूप से केदारनाथ मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। वहीं, पिछले साल पहले तीन दिनों में 44,892 तीर्थयात्रियों ने हिमालय मंदिर



के दर्शन किए थे, जो इस बार बढ़कर 75,139 हो गए। इसी तरह गंगोत्री में तीर्थयात्रियों की संख्या 61 फीसदी और यमुनोत्री में 59 फीसदी बढ़ी है। बद्रीनाथ धाम में पिछले साल यात्रा के पहले दो दिनों में 15,432 श्रद्धालु पहुंचे थे। इस वर्ष, 12 मई को मंदिर खुलने के पहले दिन 22,690 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। विशेषज्ञों के मुताबिक, पारिस्थितिक रूप से नाजुक पहाड़ियों में वाहन क्षमता सीमित है, इनमें इतने सारे लोगों की आमद पहले से ही दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि यह प्रवृत्ति जारी रही, तो इस वर्ष 80 लाख से अधिक तीर्थयात्री चारधाम यात्रा के लिए आ सकते हैं, जिन्हें संभालना मुश्किल हो जाएगा।

### चार किलोमीटर लगी लंबी लाइनें

**तीर्थयात्रियों** को ट्रैफिक जाम के साथ-साथ मंदिरों में प्रवेश के लिए लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। बद्रीनाथ मंदिर के खुलने के दिन दर्शन के लिए लाइन लगभग 4 किलोमीटर दूर स्थित माणा गांव तक फैली हुई थी।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकरात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।
यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### अच्छा सपना टूट गया



मैं बहुत अच्छा सपना देख रहा था, किसी ने बीच में ही तोड़ दिया। मैजिक से सत्ता का परिवर्तन करवा रहा था। मंडी का किला भी नया बनवा रहा था। शिमला में नई सरकार का सपना साकार करा रहा था। मंत्रीमंडल भी बना लिया था, शपथ समारोह भी करा लिया था। महिलाओं को पंद्रह सौ वाली योजना की समीक्षा करवा रहा था। कांग्रेस की गारंटियों की पूरी तहकीकात करवा रहा था। पीए भी बना लिए थे, पीएसओ भी लगा लिए थे। शिमला से लेकर दिल्ली तक के सफर के हवाई टिकट भी मंगवा लिए थे। मुंबई में अगली शूटिंग के शेड्यूल भी करा लिए थे। मंडी का किला फतेह कराकर वहां से विदाई भी करा चुके थे। मंडी में सांसद का दफ्तर बनाकर लोगों की समस्या सुनने के लिए पूरे इंतजाम करा चुके थे। न जाने सपने को किसने लंगड़ी लगा दी, अब नींद आधी रात में खुला दी। बिस्तर पर बैठा अब सोच रहा हूं, राजनीति का तो मैं कोच रहा हूं। मंडी के पहलवान को जो दिया है ज्ञान, विरोधी ने उस दांव को लिया है पहचान। रौनकी ताऊ ने भी सेरी मंच से सब सुना है, अब खुद ही तो नेता ने मुसीबत को चुना है। जीत तक पहुंचाना बन गया है चुनौती, कामयाब नहीं हुए तो कद में पक्की होगी कटौती। नेता जी अब मंडी को न छोड़ रहे हैं, बाकी सब जगह से मुंह मोड़ रहे हैं। फंस चुके हैं चारों तरफ से वे भारी, ग्रह चक्र के आगे बड़े बड़ों की किस्मत हारी।

-राजेश शर्मा

### आसमान पर पहुंचा कद



नेता जी को अब राष्ट्रीय दर्जा मिल चुका है, उनका पूरे समर्थकों का कुनबा हिल चुका है। नेता जी के समर्थकों की खुशी का नहीं रहा है कोई ठिकाना। अब मिलने के लिए फोन लगाओ तो लग रहा है बहाना। समर्थकों का भी कद अब बड़ा हो गया है। आसमान तक पहुंच गया है। रौनकी ताऊ ने भी कद को देख लिया है। इतना ऊंचा कद हो चुका है कि अब वे सातवें आसमान तक उड़ने जा रहे हैं। ताऊ का कहना है कि ऊंट का कद भी ऊंचा होता है, लेकिन उससे भी ऊंचा हो चुका है। धरती पर क्या हो रहा है, उनको इससे कोई लेना-देना ही नहीं रहा है। हवा में घूम रहे हैं और नेता जी के कद को वहां ढूंढ रहे हैं। प्रधानमंत्री पद के दावेदार के चुनाव में प्रचार का जिम्मा संभाल रहे हैं, उनके समर्थक आकाश में गंगा नहा रहे हैं। नेता ने कद बढने पर अभी धरती नहीं छोड़ी है, लेकिन समर्थकों ने आसमान से धरती की ओर अभी तक भी चाल नहीं मोड़ी है। रौनकी ताऊ को चिंता हो चुकी है। समर्थकों का कद इतना भी बड़ा न हो जाए कि नेता जी को उन्हें धरती पर तलाश करना मुश्किल हो जाए। अब नेता को भले ही कद का नहीं है कोई घमंड, लेकिन समर्थक उनके कद को लेकर कर रहे हैं पाखंड।

### सेरी मंच पर गरजे पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर

# 15 महीनों में ही फ्लॉप हो गई 'सुख की सरकार' फिल्म



मंडी के सेरी मंच पर तलवार लहराती भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत। साथ हैं जयराम ठाकुर, राजीव बिंदल व अन्य पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उन्हें सीएम सुक्खू द्वारा फ्लॉप डायरेक्टर कहे जाने का करारा जबाव दिया है। मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की नामांकन रैली में जयराम ठाकुर ने सीएम सुक्खू पर गरजते हुए कहा कि फ्लॉप डायरेक्टर वह नहीं, बल्कि सीएम सुक्खू हैं, जिनकी सरकार मात्र 15 महीनों में ही फ्लॉप हो गई।


'सुख की सरकार' और व्यवस्था परिवर्तन की जो फिल्म सुखविंद्र सिंह सुक्खू बना रहे थे, वह बुरी तरह से फ्लॉप हो गई है। जयराम ठाकुर ने सीएम को सलाह दी कि आजकल जो उनके करीबी बने हैं, वहीं नेतृत्व परिवर्तन का इंतजार कर रहे हैं और इस बात के संकेत कांग्रेस हाईकमान ने भी दे दिए हैं कि लोकसभा चुनावों के बाद नेतृत्व परिवर्तन तय है।

इस मौके पर उनके साथ भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, पार्टी अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत भी उपस्थित रही। इससे पूर्व पड्डल मैदान से सेरी मंच तक भव्य रोड शो हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। शहर में पुष्पवर्षा के साथ रोडशो का स्वागत हुआ। उन्होंने सीएम सुक्खू को ऐसे करीबियों से बचकर रहने की सलाह दी। जयराम ठाकुर ने इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर भी तीखा जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज विक्रमादित्य सिंह विजन की बड़ी-बड़ी बातें कह रहे हैं। बेहतर होता कि यह विजन उन्होंने अपने परिवार को दिया होता जिन्होंने मंडी पर इतने लंबे समय तक राज किया तो आज मंडी की दशा कुछ और होती।

#### कहा- मंडी से वोट की उम्मीद न रखें कांग्रेसी

**जयराम** ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदेश सरकार की कैबिनेट में बैठकर मंडी के विकास को रोकने वाले निर्णयों पर हस्ताक्षर करते रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि मंडी आकर कांग्रेस के नेता जिस तरह से मंडी के मान-सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंचा रहे हैं और उसके बाद यहां के लोगों से वोट की उम्मीद रख रहे हैं, ऐसा कभी हो ही नहीं सकता। मंडी को गाली देकर यहां के लोगों से वोट की उम्मीद रखना कांग्रेसी छोड़ दें। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज मंडी में भाजपा की ऐतिहासिक रैली ने कांग्रेस की चुनावी गाड़ी के टायर को पूरी तरह से पंचर कर दिया है।

# भाजपा ने किया महिला सम्मान निधि का विरोधः विक्रमादित्य



सराज में जनसभा को संबोधित करते विक्रमादित्य सिंह व अन्य पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र को देश का आदर्श संसदीय क्षेत्र बनाने के लिए यहां पर लोगों की मूलभूत सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह मजबूत और स्थिर है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी। मंगलवार को मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के तहत छतरी, गाढ़ागुसैन व थाटा ( घनयार) में अपनी चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सराज क्षेत्र फलों व सब्जी उत्पादन के लिए विख्यात हैं। प्रदेश सरकार ने कीट व फफूंद नाशकों पर सब्सिडी बहाल कर किसानों बागवानों को बहुत बड़ी राहत दी है। दूध का समर्थन मूल्य बढ़ा कर पशुपालकों को भी राहत दी है। सेब के पैकिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन अनिवार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद वह सेब के आयात शुल्क बढ़ाने के लिए वह संसद में मामला उठाएंगे।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके पिता प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने प्रदेश के विकास को जो गति प्रदान की अब वह केंद्र में जाकर उस गति को और तेज करेंगे।

उन्होंने कहा कि मंडी को स्मार्ट सिटी का दर्जा, नर्सिंग कॉलेज खोलने व रामपुर में मेडिकल कालेज खोलना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में है। क्षेत्र में बेरोजगारों को रोजगार के अवसर घर द्वार पर मिले इसके लिए इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडी में उनका मुकाबला भाजपा की ऐसी प्रत्याशी से हो रहा है, जिसे न तो इतिहास की कोई जानकारी है और न ही इस संसदीय क्षेत्र की।

#### कहा- कंगना जयराम ठाकुर के गले की हड्डी

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि कंगना पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गले की हड्डी बन कर रह गई हैं, जो न तो उनसे निगली जा रही है न ही घुटी जा रही है। उन्होंने जयराम ठाकुर से पूछा कि वह बताएं कि महिलाओं के सम्मान निधि के पक्ष में हैं या विरोध में। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश में भी ऐसी ही योजना महिलाओं के लिए चली हुई है पर प्रदेश में भाजपा इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह कृतसंकल्प है

## सुरेश कश्यप हर फील्ड में खरे उतरे : सुखराम चौधरी

**नाहन।** शिमला पार्लियामेंटरी सीट पर प्रत्याशी के परचा भरने के साथ ही भाजपा दिग्गजों ने प्रचंड प्रचार भी शुरू कर दिया है। चुनाव प्रभारी सुखराम चौधरी का कहना है कि सुरेश कश्यप के प्रयासों से ही गिरी पार क्षेत्र का ट्राइबल दर्जे का कांग्रेस द्वारा हाशिए पर रखा गया मुद्दा भी जिंदा किया गया है। सुखराम चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को हाटियों का दर्जा दिलाकर लाखों लोगों का दिल भी जीता है। सुरेश कश्यप की जीत को सुनिश्चित बनाने के लिए दो बड़े फील्ड मार्शल रणनीति में शामिल किए गए हैं, जिसमें पूर्व मंत्री व पांवटा साहब के विधायक सुखराम चौधरी, जिन्हें शिमला पार्लियामेंटरी क्षेत्र चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

# सुक्खू सरकार ने झूठी गारंटियां देकर जनता को ठगा : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने बमसन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए सुक्खू सरकार पर जमकर बरसे।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के चेहरे की परेशानी ही यह बता रही है कि उनकी सरकार की लुटिया डूब रही है और जनता इस सरकार का बोरिया बिस्तरा गोल करने की तैयारी कर चुकी है। सुक्खू सरकार ने झूठी गारंटियां देकर सिर्फ जनता को ठगने का काम ही 14 माह में किया है और प्रदेश के स्वाभिमान को भी दांव पर लगाया है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि जनता से किए गए वादे पूरे करने की बजाय सुक्खू सरकार ने प्रदेश की जनता के टैक्स का पैसा सिर्फ अपने मित्रों पर ही लुटाया है। मित्रों पर प्रदेश का खजाना लूटाने वाली इस सरकार से लोग तंग आ चुके हैं और एक जून को अपने वोट की चोट से लोग इस सरकार को चलता करने वाले हैं।

## पूरे देश में गिर रहा कांग्रेस का ग्राफ : राजीव बिंदल

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि पूरे भारत में और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का ग्राफ तेज गति से गिर रहा है। कांग्रेस पार्टी के देशभक्त नेता एक-एक करके कांग्रेस पार्टी को छोड़ते चले गए। मोरार जी देसाई, कामराज, चंद्रशेखर के समय से शुरू हुआ यह क्रम गुलाम नबी आजाद तक पहुंच गया और कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी के परिवार की पार्टी बन कर रह गई है। 500 सांसदों वाली पार्टी 50 सांसदों वाली बन गई है।



# रायबरेली के साथ गांधी परिवार का रिश्ता होगा और मजबूत : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गांधी परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, कांग्रेस के स्टार प्रचारक, रायबरेली सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में प्रचार किया।



रायबरेली पहुंचने पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का जोरदार स्वागत किया। मुकेश अग्निहोत्री ने राहुल गांधी के समर्थन में अपने जनसंपर्क अभियान किया। मुकेश ने कहा कि विकास को आगे बढ़ाना, रोजगार देना, खुशहाली लाना यह कांग्रेस का लक्ष्य है, वहीं तानाशाही को खत्म करना हमारा प्रण है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि रायबरेली के साथ गांधी परिवार का दिल का रिश्ता रहा है राहुल गांधी इस रिश्ते को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी को रायबरेली में प्यार व स्नेह दिया। वही अपनापन राहुल गांधी को मिल रहा है।

# सुक्खू सरकार ने 10 झूठी गारंटियों से प्रदेश की जनता को ठगाः सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आगामी लोकसभा चुनावों में शिमला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने ठियोग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जनता से आशीर्वाद लिया तथा समर्थन मांगा।

उन्होंने कहा कि सदन में झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू जो आए दिन हर मंच से जनता की भावनाओं को भड़काने के लिए झूठ बोलते हैं, वे अपने गिरेबान में झांके। सियासत मुद्दों और तथ्यों से चलती है न कि स्टेज पर घड़याली आंसू बहाकर और झूठी बातें जनता को सुनाकर। सांसद ने मुख्यमंत्री सुक्खू को उनके बयान पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में 83 प्रश्न उठाए, जिसमें से 16 पर बहस में हिस्सा लिया, जबकि 2 साल कोविड़ के कारण सदन की कार्यवाई नहीं हो पाई थी। जीरो ऑवर में 27 मुद्दे उठाए। उसके बाद शायद मुख्यमंत्री को जानकारी नहीं होगी कि प्रश्न बैलेट के माध्यम से निकलते हैं, परंतु कम समय में भी मैंने अपनी जनता के प्रश्नों को सदन के पटल पर रखा। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू को स्पष्टिकरण देना मेरा मकसद नहीं है, बल्की जो दुष्प्रचार मेरे बारे में किया जा रहा हैं, उसकी जानकारी अपनी जनता को देना अपना कर्तव्य समझता हूं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी नेताओं को अपने समान झूठ बोलने वाला समझते हैं। प्रदेश की जनता को 10 गारंटियों के नाम पर झूठ बोलकर ठगा फिर उन गारंटियों को ठंडे बस्ते में डाल दिया।



सुरेश कश्यप का स्वागत करते भाजपा के पदाधिकारी।

## भाजपा प्रत्याशी बताएं कुटलैहड़ को आपदा में मिले 10 करोड़, कहां बांटे : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने मंगलवार को फिर जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी से अपना चौथा सवाल किया।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन पूछे गए सवाल को लेकर भाजपा प्रत्याशी अभी चुप्पी साधे हैं अभी तो 15 से ज्यादा और बाकी है रोज नए-नए सवाल आएंगे और इनका जवाब देना मुश्किल होगा।

अभी सवाल पूछने वाला अकेला हूं और जब पूरा कुटलैहड़ सवाल करेगा तब क्या हाल होगा। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क में कई ऐसी चीजे सामने आई हैं किनका वादा तो किया पर उसे पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा की आपदा के समय प्रदेश सरकार से 10 करोड़ रुपए की राहत राशि मिली ये बताए की वो किस किस लाभार्थी को मिली। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 10 करोड़ को 10 नंबरी फौज को बांटने वाले कुटलैहड़ की जनता को बताए कोन-कोन हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कोई ऐसी बात बता दो जो अपने क्षेत्र की समस्या से जुड़ी विधानसभा में उठाई हो। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बताएं किस प्रकार से 8 करोड़ का टेंडर 13 करोड़ से ज्यादा राशि का लिया गया और किस प्रकार से लोगों के साथ छलावा कर मुख्यमंत्री की तरफ से आया विकास का पैसा अपने चहेतो में बांटा गया।

# प्रधानमंत्री मोदी की सुकन्या समृद्धि योजना देगी बेटियां को नई उड़ानः राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बेटियों के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने समय-समय पर योजनाएं चलाई, जिसका लाभ देश और प्रदेश की हर कन्या और माताएं-बहनें उठा रही हैं। कांगडा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने ज्वालाजी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनावरण किया था, 'सुकन्या समृद्धि योजना' (एसएसवाई) का विकसित भारत में महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण के लिए एक दूरदर्शी पहल है।



उन्होंने कहा कि एक उज्ज्वल भविष्य के लिए यह योजना एक स्वर्णीम अवसर के रूप में खड़ी है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह योजना व जमापूंजी समय आने पर बेटियों के सपनों के लिए एक खुले आकाश के रूप में कार्य करती है। राजीव भारद्वाज ने कहा कि 'विकसित भारत' की बेटियों के लिए एक आशाजनक भविष्य को बढ़ावा देने वाला एक पोषित आश्वासन है। इसमें न्यूनतम निवेश 250 रुपए प्रतिवर्ष और अधिकतम निवेश 1,50,000 रुपए प्रतिवर्ष हो सकता है। इस योजना को 2023 में एसएसवाई 8 प्रतिशत की उच्चतम बयाज दर प्रदान की। मैं बताना चाहुंगा कि सुकन्या समृद्धि योजना में मूल धन, ब्याज और परिपक्वता लाभ धारा 80सी के तहत कर-मुक्त है। 18 साल की उम्र में, निवेश का 50 प्रतिशत तक समय से पहले निकाला जा सकता है। शुरुआत के बाद से 2023 के अंत तक इस योजना में लगभग 2.73 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें कुल जमा राशि लगभग 1.19 लाख करोड़ रुपए है।

## बड़सर की अनदेखी चुनाव में पड़ेगी भारी : इंद्रदत्त लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कुनाणी, टिप्पर अंबेहड़ी, भरेड़ी, तेछ, मडोट, छड़ियाण, आदरी, बटाहरली, ज्योली देवी, बडिबाला गांव, दांदड़ू, कसबाड़, डबरानी इत्यादि गांवों में नुक्कड़ सभाएं कर जनता को संबोधित किया है।

इंद्रदत्त लखनपाल का कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों द्वारा बड़ी ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया जा रहा है। लोगों को संबोधित करते हुए इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि हमें बहुत खुशी थी की मुख्यमंत्री हमीरपुर जिला से बना है, लेकिन मुख्यमंत्री ने हमीरपुर जिले के साथ-साथ बड़सर की भी जमकर अनदेखी की और किसी भी काम को अमलीजामा नहीं पहनाया। बहुत बार मुख्यमंत्री के समक्ष लोगों के काम को करवाने के लिए हाजिरी लगाई गई, लेकिन कई बार तो समय तक भी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधायकों को पूरी तरह से प्रताड़ित करने का काम किया है, जिसके चलते विधायकों ने कांग्रेस को छोड़ने का मन बनाया। लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री अब बार-बार बड़सर के दौरे पर आ रहे हैं, लेकिन जनता सब समझ चुकी है कि अगर पहले ही बड़सर की बात मानी होती तो आज यह दिन कांग्रेस को देखने नहीं पड़ते। लखनपाल ने कहा कि बड़सर में कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन के लिए बड़सर से बाहर की जनता को लाकर भीड़ जुटाने का काम भी किया गया है।

**सियासत**

### रोहित ठाकुर बोले- देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का है यह चुनाव

# शिमला में जुटे विपक्षी गठबंधन के नेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण में मतदान होना है। इससे पहले शिमला में विपक्षी गठबंधन के वरिष्ठ एक मंच पर जुटे और साझा प्रेस वार्ता के जरिए गठबंधन की एकता का संदेश देने की कोशिश की। साथ ही देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए विभिन्न दलों के एक साथ आने की भी बात कही।

इस दौरान कांग्रेस सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, सीपीआईएम से पूर्व विधायक राकेश सिंघा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर साझा प्रेस वार्ता में शामिल हुए। सुक्खू सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए आज सभी लोकतांत्रिक राजनीतिक दलों ने गठबंधन किया है। उन्होंने कहा कि देश में चार चरणों के चुनाव हो चुके हैं और शुरुआती रुझान यह बता रहे हैं कि इन चुनाव में गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा है। रोहित ठाकुर ने कहा कि 2024 का चुनाव पिछले चुनाव के मुकाबले भिन्न होगा। इस दौरान रोहित ठाकुर ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने साल 2014 और 2019 में की गई घोषणाओं को पूरा नहीं किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर हिमाचल प्रदेश में सरकार गिराने का आरोप लगाया। रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल भाजपा ने ऑपरेशन लोटस के तहत सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की, जिसका जवाब जनता उनको देगी यह चुनाव धनबाद और जनरल के बीच हो रहा है, जिसमें जनबल जीतेगा। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्कसवादी के पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने कहा कि आजादी के बाद जितनी भी चुनाव देश में हुए हैं, उनमें से यह चुनाव असाधारण है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी भाजपा डेमोक्रेसी का अतिक्रमण करना चाहती थी और ईडी के जरिए काम किया। आम आदमी पार्टी के समर्थन में बोलते हुए राकेश ने कहा कि भाजपा ने कोशिश की, लेकिन कोर्ट ने केजरीवाल को रिलीज कर दिया।



प्रत्रकारों को संबोधित करते रोहित ठाकुर व अन्य।

#### राकेश सिंघा ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**इस** दौरान राकेश सिंघा ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग विपक्षी गठबंधन की शिकायतों का संज्ञान नहीं ले रहा है। राकेश सिंघा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव सीपीआईएम कांग्रेस के उम्मीदवार का समर्थन करेगी। वहीं, इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने भी विपक्षी गठबंधन का समर्थन किया। इस दौरान सुरजीत ठाकुर ने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो वादे भाजपा ने किए थे उनका क्या हुआ। भाजपा के लोग पहले इस बात का जवाब दें। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर तंज कसा कि भाजपा जुमला पार्टी बन गई है। सुरजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बताएं कि पूर्व में दी गई मोदी की गारंटियों का क्या हुआ।

## अपने विधायकों को समय नहीं देते थे सुक्खू : भुट्टो

**बंगाणा।** मुख्यमंत्री 14 माह में जनता के साथ तो क्या अपने विधायकों से मिलने का समय नहीं देते थे, जब से राज्यसभा चुनाव में राज्य सरकार की हार हुई है, तब से मुख्यमंत्री महोदय को यह पता चला है कि सरकार वन मैन आर्मी बनकर नहीं, बल्कि सभी को साथ लेकर चलती है, लेकिन अब समय बीत गया। अब तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नाम के आगे पूर्व लगने वाला है। ये शब्द कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ की पंचायत हटली जसाना बंगाणा आदि एक दर्जन पंचायती की नुक्कड़ सभाओं के तहत कहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि जब हमने कोई गलत नहीं किया। और बिल्कुल पारदर्शता के साथ काम किया है। तो फिर हमें किस बात का डर है। भुट्टो ने कहा कि बिकाऊ टिकाऊ की भाषा मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देती है।

मतदान का संदेश



स्वीप कार्यक्रम के तहत डीसी इलेवन और वन विभाग के बीच हुए फ्रेंडली क्रिकेट मैच के बाद मतदान का संदेश देते अधिकारी।

जागरूकता अभियान



मंडी संसदीय क्षेत्र में स्वीप टीम ने मतदाताओं को जागरूक किया।

# सुधीर शर्मा ने ईमान बेचकर जनता के जनमत का किया सौदा: सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने दाड़ी में जनसभा को संबोधित कर साधा निशाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**धर्मशाला** विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी के नामांकन के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दाड़ी मेला मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा गद्दार हैं, उनमें पैसे का लालच कूट-कूट कर भरा है। अपना ईमान बेचकर जनता के जनमत का सौदा किया है। सुधीर शर्मा बताएं कि पार्टी और जनता से गद्दारी करने के बाद एक महीने तक हिमाचल की सीमाओं के अंदर क्यों नहीं आए। वह अपने ईमान को बेचकर इकट्ठे लिए काले धन को एडजस्ट करने में लगे हुए थे।

सुधीर के खिलाफ दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं और धर्मशाला के अगले दौरे में उनके खिलाफ कुछ और खुलासे करूंगा। सुधीर शर्मा के पास बहुत काला धन है और आगामी चुनावों में वह आपको पैसा बांटेंगे तो वह ले लेना, क्योंकि यह पैसा आम जनता का ही है, लेकिन वोट कांग्रेस प्रत्याशी को देना।



रैली मंच पर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### सुधीर पैसे के लालची, काले धंधों में संलिप्त

**सुधीर** शर्मा जनता की पीड़ा को नहीं समझता है, वह यहां मौजमस्ती करने में लगा हुआ है। सुधीर शर्मा भू-माफिया सहित विभिन्न काले धंधों में संलिप्त है। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी के नामांकन अवसर पर आयोजन रैली को संबोधित करते हुए कही। गद्दारी करने वाले सरगना को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। धर्मशाला में ऐसे प्रत्याशी को उपचुनाव मैदान में उतारा गया है, जो 35 साल से पार्टी के साथ जुड़े रहे हैं। देवेंद्र सिंह जग्गी ईमानदार हैं। सुधीर शर्मा पैसे के लालची हैं। रैली में मुख्यमंत्री सहित विभिन्न वक्ताओं ने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुधीर शर्मा को करीब 100 बार गद्दार कहा गया।

### कम पड़ी कुर्सियां तो जमीन पर बैठे कार्यकर्ता

**रैली** स्थल पर करीब 10 हजार कुर्सियों की व्यवस्था की गई थी, लेकिन लोगों की भीड़ अधिक होने के कारण अतिरिक्त कुर्सियां मंगवानी पड़ीं। जब अतिरिक्त कुर्सियां भी कम पड़ गई, तो कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मंच के आगे खाली जगह पर बैठ गए, लेकिन उनका जोश कम नहीं हुआ।

# सुक्खू की फिल्म ऐसी, जिसको देखने में उत्साह नहीं: अनुराग

## कहा- कांग्रेस की झूठी गारंटियों से प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश



भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा के संकल्प पत्र को लांच करते अनुराग ठाकुर व अन्य नेता।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**धर्मशाला** विधानसभा उपचुनाव से भाजपा के प्रत्याशी सुधीर शर्मा के नामांकन दाखिल करने के बाद केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय से प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने जोरावर स्टेडियम में जनसभा को संबोधित किया। अनुराग ने सुधीर शर्मा और लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज के पक्ष में वोट अपील करते हुए जीत की हुंकार भरी।

उन्होंने कहा कि सुक्खू की फिल्म ऐसी है, जिसको देखने में लोगों ने उत्साह नहीं दिखाया। देश में आईपीएल का सीजन चल रहा है, लेकिन चौके-छक्के लगाने का वक्त एक तारीख को आएगा। असली छक्का तो तभी पूरा लगेगा, जब सुधीर शर्मा यहां से जोर से छक्का लगाएंगे। यहां तो कार्यकर्ता और जनता का मन पक्का हो गया है कि एक तारीख को कमल पर वोट दबाएंगे। आजकल फिल्मों की बात ज्यादा चल रही है। उनको लगता है कि उनकी फिल्म हिट होगी, लेकिन उनकी फिल्म इंटरवल तक भी नहीं चलती और लोग बीच से निकल जाते हैं। कपिल शर्मा के मशहूर डायलॉग याद करते हुए कहा कि सरकार ने क्या दिया, बाबा जी का ठुल्लू। लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी जीत का चौका लगाएगी और विधानसभा में भी छक्का लगेगा। हिमाचल की जनता भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है, क्योंकि कांग्रेस की झूठी गारंटियों से जनता में भारी आक्रोश है। हिमाचल की जनता कांग्रेस के झूठे प्रलोभनों और वादों दे खुद को ठगा महसूस कर रही है। कांग्रेस ने हिमाचल की जनता के साथ बहुत अन्याय किया है। वहीं, सुधीर का संकल्प पत्र भी लांच किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री तरुण शर्मा, विपिन सिंह परमार, त्रिलोक कपूर, पवन काजल आदि नेता मौजूद रहे।

### पुराना किस्सा सुनाया

**अनुराग** ने एक पुराना किस्सा याद करते हुए कहा कि जब पहले उपचुनाव हुआ था, उस समय प्रो. धूमल चाहते थे कि सुधीर शर्मा भाजपा से चुनाव लड़ें। धूमल को लगता था कि सुधीर शर्मा का भविष्य भाजपा में है, लेकिन आज आप आए हैं तो ठीक समय पर आए हैं, अभी लंबी पारी खेलनी है और दूर तक जाना है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लिए मेरा सांसद ऐसा होना चाहिए जो धर्म, प्रांत, जाति या भाषा के आधार पर राजनीति न करे। उसके लिए हर व्यक्ति एक समान हो। जनता के प्रति जवाबदेह हो। मुझे ऐसा नेता चाहिए जो इन सभी की समस्याओं के बारे में सचेत रूप से सोच-समझ सके और उन्हें दूर करने की दिशा में काम करके दिखाए।

-निशा कपूर, राजगढ़।



चुनाव जीतने के बाद अक्सर सांसद आम जनता को भूल जाते हैं। मेरा सांसद आम जनता और उसकी समस्याओं के प्रति जागरूक होना चाहिए। आम आदमी की समस्या को समझना और उसका निराकरण करने वाला होना चाहिए। सांसद की ओर से किया विकास आम आदमी तक पहुंचना चाहिए।

महिंद्र पाल कपूर, राजगढ़



चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का हो। हमारे नेता ऐसे होने चाहिए जो लोगों की आवाज को आगे तक पहुंचाएं। गरीब लोगों की आवाज आगे कोई नहीं पहुंचाता है। जीतने के बाद हर कोई अपने पुराने वादे भूल जाता है। हम चाहते हैं कि ऐसा नेता मिले जो जीतने के बाद भी आम लोगों के दुखःसुख में शामिल हो सके।

विंकल शर्मा, भरमौर (लूणापुल)



विभाजन पूर्व पाकिस्तान में छूटे हमारे आस्था के केंद्रों की स्थिति ठीक नहीं है। करोड़ों भारतीयों की कुलदेवी शक्तिपीठ मां हिंगलाज भवानी बलूचिस्तान में है। हिमाचल प्रदेश में भी बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जो आज भी वहां जाकर मां हिंगलाज के दर्शन करना चाहते हैं। जनप्रतिनिधियों की ओर से यात्रा की व्यवस्था बनाने पर विचार करना चाहिए।

-देवी रानी, पैलेस कॉलोनी मंडी।



जो भी जनप्रतिनिधि जीतकर आए, देश का भला करें। जहां कोई कमी है उसे पूरा करे। वोट मागंते हैं, तो काम भी करें। हम तो इनका साथ देते हैं, उन्हें भी हमारा साथ देना चाहिए। हमारी संस्कृति त्योहार उत्सव आधुनिकता की दौड़ में अपने मूल रूप से कटे नहीं और नई पीढ़ी भी अच्छे से अपनी प्रथाओं का पालन करना सीखे।

धन्नी देवी परवाड़ा, सराज मंडी।



बेरोजगारी का आंकड़ा शायद नेता देखना भूल गए हैं। बेरोजगारी विस्फोट के खतरे को टालना होगा। रोजगार गारंटी की तरफ सियासी दलों को सोचना होगा। ऐसी स्थिति और परिस्थितियों में युवा पीढ़ी आहात होगी। सरकार कोई भी हो रोजगारोन्मुखी योजनाएं लागू करने के लिए पहल जरुरी है।

गोपाल कृष्ण (चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र)



देश में भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए दावे किए जाते हैं, लेकिन चुनावों के बाद दावे हवाई हो जाते हैं। नेताओं की खरीद-फरोख्त की सूचनाएं आम लोगों को व्यथित करती हैं। जनभावनाओं से खिलवाड़ होता है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने की गारंटी देने वाले को समर्थन किया जाएगा।

राजेंद्र प्रसाद शर्मा (चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र)

# प्रदेशभर में अंतिम दिन 27 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

### बड़सर विधानसभा क्षेत्र से सुभाष ढटवालिया



बड़सर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद ढटवालिया ने परचा भरा।

### हमीरपुर संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी नंद लाल



हमीरपुर संसदीय सीट से निर्दलीय नंद लाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### गगरेट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चैतन्य



गगरेट से भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा नामांकन दाखिल करते हुए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर और सुशील कालिया।

### गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी अमित



गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी अमित वशिष्ठ नामांकन दाखिल करते हुए।

### मंडी संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी सुखराम



मंडी संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी सुखराम ने परचा दाखिल किया।

### बड़सर विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी विशाल



बड़सर विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी विशाल शर्मा ने नामांकन भरा।

### हमीरपुर संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार



हमीरपुर संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार ने परचा भरा।

### गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी रविंद्र



गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी रविंद्र कुमार ने नामांकन दाखिल किया।

### मंडी संसदीय सीट से निर्दलीय उम्मीदवार राखी गुप्ता



मंडी संसदीय सीट से निर्दलीय उम्मीदवार राखी गुप्ता नामांकन दाखिल करते हुए।

### सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार राजिंद्र



सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार राजिंद्र वर्मा ने नामांकन दाखिल किया।

### अखिल भारतीय परिवार पार्टी से सुमित कुमार



हमीरपुर संसदीय सीट से अखिल भारतीय परिवार पार्टी से सुमित कुमार ने नामांकन भरा।

### सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार शेर सिंह



सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार शेर सिंह ने नामांकन दाखिल किया।

### मंडी संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी लाइक राम नेगी



मंडी संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी लाइक राम नेगी नामांकन दाखिल किया।

**राजनीति** भाजपा को पिछले लोकसभा चुनाव में पांचों विधानसभा क्षेत्रों से मिली बढ़त बचाना चुनौती

# सिरमौर में अपना 'किला' बचाने के लिए जूझ रही कांग्रेस-भाजपा

आर मोहन चौहान/ रविदत्त, सोलन/राजगढ़

**शिमला** संसदीय आरक्षित सीट से कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया पूरी होने और चुनाव में मात्र 18 दिन शेष रहने से सिरमौर जिले में धीरे धीरे चुनावी माहौल गर्माने लगा है।

**राजपूत लॉबी को साधने के लिए दोनों दलों के छूट रहे पसीने**

पिछले लोकसभा चुनाव में यहां पांच विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा ने अपनी बढ़ती बनाई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव पर नजर दौड़ाई जाए तो यहां तीन विधानसभा क्षेत्रों शिलाई, नाहन व रेणुका में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया। मत प्रतिशत की बात करें तो रेणुका व शिलाई में तो जीत का अंतर सैकड़ों में है और नाहन विधानसभा क्षेत्र में लगभग तीन हजार मतों की बढ़त है। अब लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा की अपनी-अपनी चुनौतियां हैं।

भाजपा लोकसभा चुनाव को बढ़त को कायम रख पाती या नहीं यह तो समय ही बताएगा, पर कांग्रेस विधानसभा चुनाव में मिली जीत से





लोकसभा चुनाव में आश्वस्त है। आरक्षित सीट होने के चलते एससी वोट 50-50 में बंटा माना जा रहा है, लेकिन राजपूत लॉबी को साधने के लिए दोनों दलों के पसीने निकल रहे हैं। इस लॉबी को जो भी दल प्रभावित करेगा उसकी जीत पक्की समझो। लोकसभा चुनाव 2019 में शिमला लोकसभा सीट से वर्तमान भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने 66.24 प्रतिशत मत हासिल करते हुए रिकॉर्ड 3,27,515 मतों के अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी कर्नल धनीराम शांडिल को मात दी थी। सबसे अधिक 1,96,291 मतों से जीतने का रिकॉर्ड 1984 में कांग्रेस के केडी सुल्तानपुरी के नाम पर दर्ज हुआ था। इस रिकॉर्ड को 2019 में सुरेश कश्यप ने तोड़ा। (अनंत ज्ञान)

### गंगूराम की वापसी से कांग्रेसियों को समीकरण बदलने की उम्मीद

**पच्छाद** से सात बार कांग्रेस के विधायक चुने गए गंगूराम मुसाफिर अब फिर कांग्रेस में लौट आए हैं। 2022 में कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया। वह निर्दलीय लड़े 13,187 वोट प्राप्त किए। कांग्रेस की दयाल प्यारी 3857 मतों के अंतर से भाजपा की रीना कश्यप से हार गई। गंगूराम मुसाफिर की वापसी से कांग्रेसियों को आशा है कि पच्छाद में उनका ग्राफ बढ़ेगा। जातीय समीकरण की बात करें सिरमौर जिले को राजपूतों के दबदबे वाला जिला माना जाता है। इस समय राजपूत लॉबी को साधने के लिए दोनों दलों को जूझना पड़ रहा है।

### कंगना रनौत

#### 92 करोड़ संपत्ति की मालिक, 3 गाड़ियां

**मंडी** संसदीय सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत ने नामांकन दाखिल करने के दौरान दिए हलफनामे में अपनी संपत्ति करीब 92 करोड़ बताई है। उनके पास दो लाख रुपए नकद, 28,73,44,239 रुपए की चल संपत्ति है। इसके साथ ही कंगना के पास 3.91 करोड़ रुपए की मर्सिडीज गाड़ी है। 98.25 लाख की बीएमडब्ल्यू, 58.66 लाख की एक और मर्सिडीज गाड़ी है। वहीं पांच करोड़ का सोना, 3 करोड़ की डायमंड ज्वैलरी है। 17,38,86,641 रुपए की देनदारियां हैं।

### सुधीर शर्मा

#### 11 करोड़ की संपत्ति, दो गाड़ियां

**धर्मशाला** उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा करीब 11 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। कुल संपत्ति में सुधीर शर्मा, उनकी पत्नी रीना शर्मा और बेटी के नाम पर विभिन्न संपत्तियां हैं। अपने नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए हलफनामे में संपत्ति का जिक्र किया है। सुधीर की कुल संपत्ति में गोल्ड, जमीन, निवेश और दो गाड़ियां शामिल हैं। हुंडई आई-20 और फोर्ड एंडयोवर गाड़ी है, जिनकी कुल कीमत करीब 23 लाख रुपए है।

### देवेंद्र जग्गी

#### 16 लाख संपत्ति के मालिक

**धर्मशाला** उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी 16,54,454 रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। जग्गी की पत्नी और बच्चों के नाम पर संपत्तियां हैं। हलफनामे में उन्होंने उक्त संपत्ति का जिक्र किया है। जग्गी की कुल संपत्ति में गोल्ड, जमीन, कुछ कंपनियों के स्टॉक्स और दो गाड़ियां शामिल हैं। देवेंद्र जग्गी के पास टोयोटा की इनोवा गाड़ी और होंडा एक्टिवा स्कूटी है, जिनकी कीमत करीब साढ़े 4 लाख रुपए है।

## हैप्पी बर्थडे



सरकाघाट के अतुल कुमार को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# धर्मशाला से विपिन नैहरिया और नूरपुर से मदन भरमौरी भाजपा में शामिल

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला से गद्दी समुदाय से संबंध रखने वाले विपिन नैहरिया और नूरपुर से मदन भरमौरी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने उन्हें भाजपा ज्वाइन करवाई। इस दौरान विपिन नैहरिया और भरमौरी ने भाजपा के साथ चलने की बात कही। लोकसभा प्रत्याशी के साथ-साथ धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा का चुनाव प्रचार और जीत का संकल्प लिया। जीत की और कदम बढ़ाते हुए भाजपा अपने सारे कार्यकर्ता नेताओं को साथ लेकर चलेगी। गौरतलब है कि विपन नेहरिया गत विधानसभा चुनावों में निर्दलीय चुनाव लड़े थे और उन्होंने करीब 9 हजार वोट लिए थे।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ विपन नेहरिया और मदन भरमौरी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी।

# बैजनाथ में हेपेटाइटिस की चपेट में आए छात्र, अस्पताल में भर्ती

## जांच के लिए भेजे सैंपल, स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक नहीं उठाए जरूरी कदम

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

बैजनाथ तथा आसपास के इलाके में फैले वायरल हेपेटाइटिस की चपेट में कई स्कूली बच्चे आ गए हैं इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग अभी तक बेखबर है। हेपेटाइटिस की चपेट में आने से करीब डेढ़ दर्जन बच्चों को बैजनाथ के सिविल अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है, वहीं पर कुछ बच्चे आयुर्वेदिक हॉस्पिटल पपरोला में भी अपना इलाज करवा रहे हैं।

इस बीमारी की वजह से पीड़ित बच्चों से जब सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ जाकर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में उन्हें उल्टी दस्त और बहुत ज्यादा पेट दर्द की समस्या हुई। इस समस्या के समाधान के लिए जब वह बैजनाथ अस्पताल पहुंचे तो उन्हें जांच के बाद यहां पर एडमिट कर लिया गया जहां पर उनका सही ढंग से इलाज होने के बाद अब उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। बैजनाथ अस्पताल के प्रमुख डॉक्टर अरुण कुमार का कहना है कि आरंभिक जांच से तो उपचाराधीन मरीजों में वायरल हेपेटाइटिस के ही लक्षण दिखाई दे रहे हैं फिर भी इनके सैंपल लेकर जांच के लिए बाहर भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही पूरा पता लग सकेगा की यह लक्षण किस बीमारी के हैं। अभी तक वायरल हेपेटाइटिस के इतने मामले आ चुके हैं परंतु इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग जरा भी गंभीर नजर नहीं आ रहा। अभी तक न तो सही ढंग से पानी के सैंपल इकट्ठे किए गए हैं और न ही जिन स्कूलों के बच्चे इस बीमारी की चपेट में आए हैं वहां पर अभी तक स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने दस्तक दी है। इस तरह से विभाग का यह गैर जिम्मेदार रवैया है उससे तो केंद्र तथा राज्य सरकार की स्वास्थ्य संबंधी सारी योजनाएं धरातल पर न जाकर केवल मात्र कागजी योजनाएं ही साबित होने वाली हैं। पिछले कई दशकों से बैजनाथ में स्वच्छ पेयजल योजना की मांग उठती रही है ताकि पानी से उत्पन्न होने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सके। (अनंत ज्ञान)



सिविल हॉस्पिटल में उपचाराधीन बच्चे अपने परिजनों के साथ।

### जांच की जा रही है

महाकाल के बीएमओ डॉक्टर दिलावर सिंह देयोल का कहना है कि यह हेपेटाइटिस की बीमारी ज्यादा कर खराब पानी या खराब भोजन खाने की वजह से होती है परंतु जिस तरह से यह बीमारी अलग-अलग स्कूलों के बच्चों में फैली हुई है इसकी जांच कर रहे हैं। जल्द ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्कूलों में जाकर तथा अन्य जगहों पर भी लोगों को जागरूक करेंगी की पेयजल का उपयोग उबालकर ही करें।

### पीने के पानी में नहीं है समस्या: राहुल धीमान

जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता राहुल धीमान का कहना है कि अगर पानी में कोई समस्या होती तो यह बीमारी सारे बैजनाथ क्षेत्र में फैली होती। पीने के पानी में कोई समस्या नहीं लग रही है। विभाग समय-समय पर पानी के टैंकों की सफाई करवाता रहता है तथा उसमें जरूरी दवाई भी डालते रहते हैं। जल शक्ति विभाग में पानी के नमूने लेकर उनकी जांच की है वे पूरी तरह ठीक है तथा पेयजल में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। जिन स्कूलों के बच्चे हेपेटाइटिस की चपेट में आए हैं उन स्कूलों के पानी की भी जांच की जाएगी।

### हेपेटाइटिस से बचाव

- खाना खाने से पहले और बाद में हाथों को साबुन और पानी से साफ करें।
- दूषित तालाब, नदी और सरोवर का पानी पीने से बचें।
- खूब पानी पीएं, शरीर में पानी की कमी न होने दें।
- नारियल पानी, छाछ और नींबू का पानी पी सकते हैं।
- शराब न पीएं, क्योंकि इससे लिवर को नुकसान पहुंच सकता है।
- खुले में मिलने वाले कटे फल सब्जियां न खाएं।
- बाहर खाना न खाएं। खा रहे हो तो साफ-सफाई का ध्यान रखें।
- संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें।
- संक्रमित व्यक्ति भरपूर आराम करें।
- उल्टी आने पर हल्का खाना खाने का प्रयास करें।
- तरल पदार्थों-दलिया, खिचड़ी और ओट्स का सेवन करें।
- हरी पत्तेदार सब्जियां और मौसमी फल खाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### तृप्ता स्कूल चलवाड़ा का परिणाम शानदार



तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा के होनहार अध्यापकों के साथ।

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा का सीबीएसई बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दिव्यांशी प्रथम, सोहम शर्मा 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और सरगम ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के नौ छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें दिव्यांका 93.4, ऋषभ 93.4 ,अभय राणा 92.8 , अच्युत राणा 92, मयंक नरियाल 91 और पीयूष ने 90.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है। बारहवीं में प्रथम स्थान पर प्रियांशी जिसने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, द्वितीय स्थान पर वंशिका चौधरी 76.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उपलक्ष्य पर चेयरमैन बीरेंद्र नरियाल व प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों को मिठाई खिला कर बधाई दी।

### आरुष-कशिश ने पास किया एनएमएमएस इग्जाम





**गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कड़ोआ के दो छात्रों आरुष और कशिश ने एनएमएमएस स्कालरशिप का एग्जाम पास करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। अब दोनों छात्रो को हर वर्ष सरकार से 12 हजार रुपए की स्कालरशिप मिलेगी। यह स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है। यह जानकारी स्कूल प्रधानाचार्य श्याम मुरारी ने दी। प्रधानाचार्य श्याम मुरारी ने बच्चों उनके अभिभावकों और समस्त स्टाफ को बधाई दी।

### कृतिका को भेंट किया 11 हजार का चेक




न्यूगल स्कूल की कृतिका को चेक भेंट करते अध्यापक।

**डरोह।** न्यूगल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल भवारना की दसवीं की बोर्ड परीक्षा में पूरे हिमाचल में दूसरा स्थान हासिल करने वाली छात्रा कृतिका को स्कूल प्रबंधन ने मंगलवार को सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधन ने स्कूल की ओर से छात्रा को 11 हजार का चेक भेंट किया। स्कूल के चेयरमैन अंकुर कटोच ने कहा की कृतिका की मेहनत को देखते हुए यह इनाम राशि भेंट की। कृतिका ने मंच से अपने अध्यापकों, मैनेजमेंट और अपने माता-पिता का धन्यवाद किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक अशोक कटोच, प्रधानाचार्य निशा गुलेरिया तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### गाहलियां स्कूल की वंशिका संधू चमकी



**कांगड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गाहलियां की वंशिका संधू ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा को पास किया है। यह परीक्षा नवंबर 2023 में हुई थी इसका परिणाम 13 मई 2024 को घोषित हुआ है। स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज गर्ग, उपप्रधानाचार्य पूनम बनयाल, स्कूल मीडिया प्रभारी व हिंदी अध्यापक राजीव डोगरा, एसएमसी अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने वंशिका संधू और उसके माता-पिता सपना कुमारी, परमजीत संधू को बधाई दी है। वंशिका ने अपने अध्यापकों नवनीत वालिया, विकास चौधरी, राजीव डोगरा, अनुश्री, वीना देवी,भारती, अश्विनी कुमार का धन्यवाद किया जिनके मार्गदर्शन से उसने यह मुकाम हासिल किया। विद्यालय के अध्यापकों रजनी शाह, अजय कोटी, पंकज धलोरिया, राजेश परिहार, शिल्पा, सोनू बाला, रंजना देवी, नेहा, निम्मो देवी एवं अन्य सदस्यों ने वंशिका संधू को बधाई दी है।

### जीएवी में यशस्विनी दसवीं की टॉपर

**कांगड़ा।** जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में यशस्विनी दसवीं कक्षा की टॉपर रही है।





यशस्विनी ने 94 फीसदी अंक हासिल किए हैं। विश्वजीत 93.6 अंक लेकर दूसरे व नंदन शर्मा 93.4 फीसदी अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे हैं। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने बताया कि इस बार 117 छात्र-छात्राओं ने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। दस छात्रों के 90 फीसदी से ज्यादा अंक रहे हैं, जिनमें मैक के 93, रितिशा के 92.8, दिव्यांशी के 92, अंकुश के 91, हर्षिता, अदिति एवं मनीष के 90 फीसदी अंक रहे हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि 18 छात्रों ने 85 फीसदी से ज्यादा व 38 छात्रों ने 80 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल कर जीएवी का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन कमेटी की अध्यक्ष डॉ. नीना पाहवा ने जमा दो व दसवीं कक्षा का रिजल्ट शानदार रहने पर प्रधानाचार्य, शिक्षकों ,अभिभावकों व छात्रों को बधाई दी है।

# विवेका फाउंडेशन स्कूल मनसिंबल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा









अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान विवेका फाउंडेशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल पालमपुर का सीबीएसई का बारहवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कला संकाय में मन्नत शर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, क्रिशोम शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और चेल्सी ने 85 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। मेडिकल में आस्था राणा ने 85 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया और अर्शित कटोच ने 79 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया, इसके साथ ही प्रियांशी ने 78 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। नॉन मेडिकल में संयम सूद ने 82 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, सक्षम शर्मा ने 80 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और वंश राणा ने 79 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी है।

## चड़ी में आज बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल चड़ी के सहायक अभियंता अशीष कुमार ने बताया कि 33 व 11 केवी सब स्टेशन गज (भित्तलु) के रख-रखाव के चलते 15 मई को विद्युत उपमंडल चड़ी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान चड़ी, भित्तलु, थरोट, डढंभ, भटेच्छ, ठारू, टुंडु, ललेटा, राख, रावा, मनियाना, दियाड़ा, घरोह, शिवनगर, मैटी, लांझनी, झिक्कड, ओडर, सवांता, कलियाड़ा, नागनपट्ट, बंड़ी, चमियारा, सेल, घेरा, खडीबही, करेरी, नोहली इत्यादि क्षेत्रों में 15 मई को प्रात: 9 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# मस्सल में टांडा के साथ लगते जंगल में लगी आग

तरुण चौधरी, नगरोटा बगवां

गर्मियों के आगमन के साथ ही क्षेत्र के जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़नी शुरू हो गई हैं। मंगलवार सुबह शरारती तत्वों ने ग्राम पंचायत मस्सल में टांडा के साथ लगते जंगल में आग लगा दी। इस कारण वन संपदा को काफी नुकसान हुआ।जंगल में आग लगने से वन संपदा के साथ-साथ रेंगने वाले जीव जंतु भी नहीं बच पाते हैं। इसके अलावा पेड़ों व झाड़ियों पर पक्षियों के घोंसले भी आग की चपेट से नहीं बच पाते। जंगलों में अकसर शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी जाती है, लेकिन उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण जंगल में लगने वाली आग की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस दौरान आग पर काबू पाने के लिए फोरेस्ट ग्राड राहुल व वन विभाग के अन्य कर्मचारियों को दिनभर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



## स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

**पालमपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक राहुल तिवारी आईएएस ने पालमपुर स्थित शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा महाविद्यालय का दौरा किया। सामान्य पर्यवेक्षक ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के 13-जयसिंहपुर, 14-सुलह, 19-पालमपुर व 20-बैजनाथ के काउंटिंग हॉल और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सहायक निर्वाचन अधिकारी पालमपुर नेत्रा मेती आईएएस, तहसीलदार साजन बग्गा, अनीश कुमार कानूनगो निर्वाचन व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रीन व्यू स्कूल डाढ़ के होनहार नवाजे

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन द्वारा ग्रीन व्यू स्कूल डाढ़ में पढ़ाई में अव्वल रहे बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के स्टेट को-ऑर्डिनेटर पूजन भंडारी नें बताया कि संस्था स्कूलों व कॉलेजों में बच्चों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए ग्रीन व्यू स्कूल में छठी कक्षा से लेकर 10वीं की बोर्ड की परीक्षा में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इनमें वंशिका, सोनिया, सेजल, नैंसी, रोजी, अंशिका, महक, आयुष, अंशुल, महक, अक्षिता, अर्पित, अर्पित कुमार, वंशिका, रिद्धिमा, इशिका, अवंतिका, मानवी, कनिका, अंशिका, कनिष्का को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था की तरफ से पूजन भंडारी, अशोक गौतम, संजना भंडारी, अनिल गुप्ता व सवीन सिंह ने स्कूल के प्रिंसिपल हरबंस कौंडल को भी सम्मानित किया। संस्था की तरफ से स्कूल की बच्चियों व अध्यापिकाओं के शौचालयों के लिए कंबोड शावर प्रदान किए। इस मौके पर बच्चों के लिए फन गेम्स का भी आयोजन किया गया। हरबंस कौंडल ने फाउंडेशन का धन्यवाद किया।




राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन की ओर से सम्मानित छात्र प्रशंसा पत्रों के साथ।

## राहुल तिवारी को सामान्य पर्यवेक्षक बनाया

**धर्मशाला।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र तथा धर्मशाला विस उपचुनाव के लिए राहुल तिवारी आईएएस को सामान्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। धर्मशाला के परिधि गृह में कमरा नंबर 407 में कैंप कार्यालय स्थापित किया गया है। चुनाव संबंधी किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए सर्किट हाउस में प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दस बजे तक जनसाधारण की समस्याएं सुनेंगे। सामान्य निर्वाचन पर्यवेक्षक का मोबाइल नंबर 90159-31175 जबकि दूरभाष नंबर 01892-295161 है। यह जानकारी निर्वाचन विभाग के तहसीलदार इलेक्शन संजय राठौर ने दी।

**प्रचार** मैटी के बंडी चौक मैदान में बोले विधायक पठानिया

# आनंद को भारी मतों से दिलाएं जीत

अनंत ज्ञान, शाहपुर

कांगड़ा-चंबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के पंचायत मैटी के बंडी चौक के मैदान में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया द्वारा आयोजित भारी जनसभा को भारतीय राजनीतिज्ञ तथा वर्तमान में राजस्थान से राज्यसभा के सांसद मुकुल वासनिक सहित पशुपालन एवं कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने चुनाव प्रचार करके जनता से समर्थन मांगा। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने जनता से अपील की कि पहली जून को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा को भारी मतों से चुनकर लोकसभा भेजें। पठानिया ने कहा उनकी आवाज राष्ट्रीय स्तर पर सुनी जाएगी। उनके मन में आम आदमी के लिए पीड़ा है, वह आम परिवार से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। आनंद किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं, उनके मन में हिमाचल बसता है। उन्होंने कांगड़ा के साथ ही पूरे हिमाचल में अपनी राज्यसभा की सांसद निधि दी है।

आनंद शर्मा पार्टी हाईकमान के कहने पर चुनाव मैदान में उतरे हैं। भाजपा सिर्फ राजनीति करने में व्यस्त रही, लोगों के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने यहां दावा किया कि भारतीय लोकतंत्र एक जबरदस्त चुनौती का सामना कर रहा है और अगर भाजपा सत्ता में लौटती है तो 2024 का लोकसभा चुनाव आखिरी चुनाव साबित होगा क्योंकि वह संविधान को खत्म करने का प्रयास करेगी।



बंडी चौक मैदान में जनसभा में उपस्थित उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, पशुपालन एवं कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार व अन्य।

### टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास 17 से

**धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 17 से 20 मई तक प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी के लोगों से इस दौरान फायरिंग रेंज में स्वयं न जाने तथा मवेशियों को भी न छोड़ने की अपील की है, जिससे किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### खुंडियां और शाहपुर में मारपीट, मामला दर्ज

**शाहपुर।** पुलिस थाना खुंडियां के तहत राजेश कुमार पुत्र धनी राम निवासी भटांवा ने राकेश कुमार पुत्र सुरेश चंद निवासी सिहोरवल्ला, मुनीष कुमार पुत्र होशियार सिंह व मनीष कुमार पुत्र कर्म चंद का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज , मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। इस संदर्भ में पुलिस थाना खुंडिया में भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323, 504,506,427 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस थाना शाहपुर के तहत राकेश कुमार व अमित कुमार दोनों पुत्र वलवीर सिंह निवासी नाहलन ने संजय कुमार पुत्र पूर्ण चंद निवासी गांव कमलाडी के साथ लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज व मारपीट की। इस संदर्भ में पुलिस थाना शाहपुर में आईपीसी की धारा 323, 324,504,506 व 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने दोनों मामलों की पुष्टि की है।

### युवती का रास्ता रोककर की मारपीट

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत राकेश कुमार निवासी बड़ुखर जिला कांगड़ा ने बोदड़ बल्ला निवासी युवती का पीछा किया व रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज व मारपीट की। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना कांगड़ा में भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323, 354,354डी,506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### जमानाबाद और चैतड़ू में पकड़ी देसी शराब

**कांगड़ा।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा ने जमानावाद में शशि कांत पुत्र परस राम निवासी जमानाबाद की करियाना दुकान से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब मार्का वीआरबी संतरा बरामद की है। पुलिस थाना कांगड़ा में आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया है। उधर, एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है। वहीं जिला के महिला पुलिस थाना धर्मशाला के तहत शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। पुलिस टीम ने चैतड़ू में सुभाष चंद निवासी गांव मलवाडा की दुकान से 6,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की । पुलिस थाना धर्मशाला में आरोपी के खिलाफ अधिनियम में दर्ज किया गया है।

### हरिपुर तथा भवारना में मारपीट के केस दर्ज

**पालमपुर।** पुलिस थाना भवारना के तहत राकेश कुमार पुत्र प्रेम चंद निवासी दैहण ने चमन लाल पुत्र मस्त राम निवासी गांव दैहण जिला कांगड़ा का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई झगड़ा, मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। इस संदर्भ में पुलिस थाना भवारना में भारतीय दंड संहिता की धारा 341,323 व 506 में दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस थाना हरिपुर के तहत उदेश उर्फ लला, विशाल, राहुल उर्फ वांका निवासी गठुत्तर व राहुल निवासी हरिपुर ने बवलू सहनी निवासी गांव गडियारी जिला मधुवनी, बिहार का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज व मारपीट की। इस संदर्भ में पुलिस थाना हरिपुर में आईपीसी की धारा 341,323, 504,506 व 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने दोनों मामलों की पुष्टि की है।

### मतदान के दिन खुले रहेंगे अस्पताल

**धर्मशाला।** लोकसभा निर्वाचन तथा विधानसभा उपचुनाव के 1 जून को मतदान के चलते सभी स्वास्थ्य संस्थान खुले रहेंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने दी। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों को खुले रखने के निर्देश दिए है। मतदान के दिन बड़े स्वास्थ्य संस्थान ही नहीं बल्कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी खुले रहेंगे जिसमें स्टाफ तैनात रहेगा। मतदान केंद्रों में आने वाले लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित कोई दिक्कत आती है तो उसको तुरंत साथ लगते स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस के माध्यम से लाया जाएगा। डॉ. राजेश गुलेरी ने बताया कि स्वास्थ्य संस्थानों में तैनात सभी स्वास्थ्य कर्मी मतदान बैलेट पेपर द्वारा करेंगे।

### अंतिम दिन छह प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन मंगलवार को कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से छह प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। अब तक कुल 14 नामांकन भरे जा चुके हैं। मंगलवार को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भुवनेश कुमार,जीवन कुमार,देव राज,एडवोकेट संजय शर्मा,संजय कुमार राणा, आशीष बुटेल ने नामाकंन भरे हैं।

### श्री श्री रविशंकर के जन्म दिवस पर महासत्संग

**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय धार्मिक व सामाजिक संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के प्रख्यात गुरु श्री श्री रविशंकर जी के जन्म दिवस पर कैलाश आश्रम धर्मशाला में महासत्संग का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरा आश्रम गुरु भक्तों की असीम श्रद्धा भक्ति से भक्तिमय हुआ। कार्यक्रम का आरंभ गुरु पूजा से किया गया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी आकाश बरवाल ने गुरु परंपरा व कृतज्ञता भाव के महत्व को समझाते हुए ज्ञान चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने प्रीतिभोज का आनंद लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### समाजसेवी बुजुर्ग ने स्कूल को पंखे किए दान



स्कूल स्टाफ के साथ नसीब देवी।

**दौलतपुर चौक।** गगरेट उपमंडल के तहत चलेट गांव से समाजसेवी बुजुर्ग महिला नसीब देवी ने पीएम उत्कृष्ट वरिष्ठ राजकीय पाठशाला दौलतपुर चौक व राजकीय माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक को अपने पति स्वतंत्रता सेनानी स्व. कश्मीर सिंह की याद में पांच पंखे दान किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य सनम ने उनका धन्यवाद किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर पार्षद विनय कंवर और विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

जल संरक्षण दिवस पर छात्रों को मिला संदेश

### पोस्टर मेकिंग में आरुष, भाषण में सादिया प्रथम



जल संरक्षण एवं अपशिष्ट प्रबंधन दिवस पर एनएसएस स्वयंसेवी स्कूल स्टाफ के साथ।

**दौलतपुर चौक।** हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में स्कूल प्रधानाचार्य परमीत सिंह की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं अपशिष्ट प्रबंधन दिवस संबंधी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई तथा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता (जूनियर) में आरुष व सीनियर में अन्वी और साक्षी ने प्रथम स्थान हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में कनिका शर्मा ने प्रथम स्थान तथा प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुति में नैना ने प्रथम स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में सादिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास, महिला प्रभारी पूनम देवी, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, सुलोचना राणा, अभिनव पराशर, रेनू कुमारी, लेखराज, अंजना कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, प्रशांत कुमार, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, मनजीत कौर, सुनंदा कुमारी, चंद्रावली आदि उपस्थित रहे।

### बंगाणा महाविद्यालय तंबाकू मुक्त संस्थान घोषित



तंबाकू मुक्त संस्थान के प्रमाण पत्र के साथ प्रबंधन।

**बंगाणा।** शैक्षणिक संस्थान तंबाकू मुक्त संस्थान में अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा को शत-प्रतिशत अंक मिले हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि प्राधिकृत समिति द्वारा गत 7 मई को किए गए सर्वेक्षण में महाविद्यालय को नशा मुक्त से संबंधित हर मापदंड को ध्यान में रखते हुए 100 में 100 अंक प्राप्त हुए हैं। आज विभाग द्वारा महाविद्यालय को इस संदर्भ में तंबाकू मुक्त संस्थान का प्रमाण पत्र विभाग के ओर से प्रदान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्र को नशा मुक्त रखने के लिए महाविद्यालय प्रशासन के ओर से हरसंभव प्रयास समय-समय पर किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधीक्षक राकेश पाठक व अन्य मौजूद रहे।

### पारस स्कूल के होनहार चमके



**डरोह।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली ने अपना 10वीं और 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें एक बार फिर से पारस स्कूल के बच्चों ने बाजी मारी है। बच्चों ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं में 34 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया जिसमें शानवी ठाकुर ने 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, शौर्य वर्मा ने 88 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और विभूति मिश्रा ने 85 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा दसवीं में चार छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक और आठ बच्चों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। दूसरी तरफ बारहवीं कक्षा के 11 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया, जिसमें विज्ञान संकाय में इशिता ने 90 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, अवंतिका ने 89 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और कृतिका डोगरा ने 81 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में महक ने 85 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान और जिया ने 75 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। बच्चों की शानदार सफलता पर विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्य नीलम राणा ने बच्चों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

### भाई-बहन ने चमकाया कमांद का नाम

**जयसिंहपुर।** सीबीएसई बोर्ड का वार्षिक परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुआ।



इसमें जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव कमांद के भाई-बहन ने बढ़िया अंक प्राप्त करके गांव का नाम रोशन किया है। कमांद के निवासी राहुल चाड़क ने विज्ञान संकाय दस जमा दो कक्षा में 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया, इसके साथ राहुल की छोटी बहन पूर्वी ने दसवीं कक्षा मे 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया। ये दोनों भाई-बहन हमीरपुर के विकास नगर हिम अकादमी स्कूल में पढ़ाई कर रहे है। राहुल के पिता भारतीय सेना से रिटायर होकर वर्तमान समय में राजस्व विभाग में कार्यरत हैं और उनकी माता सीमा ग्रहिणी है। इन दोनों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया है।

### स्प्रिंग डेल स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**डरोह।** सीबीएसई बोर्ड ने सोमवार को दसवीं व जमा दो का वार्षिक परीक्षा परिणाम



घोषित किया। स्प्रिंग डेल भेड़ूमहादेव स्कूल की दोनों कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में अनुष्का सूद ने 500 में से 479 अंक लेकर प्रथम स्थान, सलोनी ने 468 अंक लेकर द्वितीय स्थान, जबकि अंशिका ने 464 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। जमा दो कक्षा में मोनिका ने 500 में से 478 अंक लेकर प्रथम, आदिश सूद नक 453 अंक लेकर द्वितीय, जबकि रसिका पटियाल ने 438 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए राज राणा, प्रिंसिपल प्रिया राणा व अध्यापक वर्ग ने बधाई दी है।

### डरोह में आज बंद रहेगी बिजली

**डरोह।** 11 केवी डरोह फीडर की आवश्यक मरम्मत के चलते 15 मई को पावर कट रहेगा। इस दौरान विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों पीटीसी, डरोह, कस्बा, बसकेहड़, भाटिलू, देवी, फास्टा, मरहूं, अटियालादाई, सिहोटू, सूरी, भोडा, जैंद, खड़ूल, होला, कलेहड़, चाह, चांदड़, नौरा, केदारा में 15 मई को सुबह 9 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी ई. सुभाष कुमार, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल डरोह ने दी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

## बिजली बोर्ड की लापरवाही से औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में ब्लैक आउट

# उद्योगों को हुआ करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

बिजली बोर्ड की एक लापरवाही औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में स्थित उद्योगों को इतनी भारी पड़ी कि यहां स्थित उद्योगों को चौबीस घंटे में ही करोड़ों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। बिजली बोर्ड की 132 केवी लाइन टूट जाने से न सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र में चौबीस घंटे ब्लैक आउट रहा, बल्कि साथ लगते कई रिहायशी इलाके भी अंधेरे में डूब गए।

प्रदेश बिजली बोर्ड लिमिटेड का भी चौबीस घंटों में लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। औद्योगिक क्षेत्र गगरेट के साथ लगते विद्युत सब स्टेशन को आने वाली 132 केवी लाइन रविवार को अचानक टूट गई। जाहिर है



कि रविवार की छुट्टी थी तो जिस 132 केवी लाइन को शीघ्र जुड़ जाना चाहिए था, उसे जोड़ने में ही चौबीस घंटे लग गए।

लाइन टूट जाने का पता चलते ही बिजली बोर्ड ने इसे जोड़ने के लिए ठेकेदार की लेबर तो भेजी, लेकिन बिना सामान के आई लेबर भी बेबस दिखी। फिर यकायक उद्योगों से मदद मांगी गई। कई उद्योगों ने इस आस में मदद भी की कि जल्द लाइन जुड़ जाने पर बिजली आपूर्ति सुचारु होने से उनके उद्योगों में भी उत्पादन शुरू हो जाएगा। रविवार रात नौ बजते ही ठेकेदार की लेबर ने यह कहते हुए हाथ खड़े कर दिए कि अब काम सुबह होगा। इसके चलते पूरी रात भी औद्योगिक क्षेत्र के साथ कई रिहायशी इलाकों में ब्लैक आउट रहा। इसके चलते उद्योगपति भी उत्पादन ठप होने से लाखों रुपये का नुकसान होने पर माथा पकड़ कर बैठ गए।

एक उद्योगपति ने तो यहां तक कहा कि अगर बिजली बोर्ड के पास टूटी लाइन की मरम्मत के लिए जरूरी सामान तक नहीं तो फिर हिमाचल प्रदेश में भी बिजली बोर्ड किसी निजी कंपनी के हवाले करना ही बेहतर होगा। जाहिर है कि चौबीस घंटे बिजली गुल रहने से बिजली बोर्ड को भी घाटा उठाना पड़ा और उपभोक्ता भी सांसत में रहे। हैरानी तो इस बात की है कि कोई भी अधिकारी ऐसी स्थिति में जिम्मेदारी तक लेने को तैयार नहीं है। उपमंडल औद्योगिक संघ के सदस्य अजय गंडोत्रा का कहना है कि बिजली बोर्ड आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कारगर कदम उठाए। उद्योगपति कब तक बिजली बोर्ड की लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगे।

उधर, विद्युत मंडल गगरेट के अधिशाषी अभियंता राहुल पुरी का कहना है कि एचटी लाइन का रखरखाव ट्रांसमिशन विंग के हवाले है। इसमें विद्युत मंडल का कोई रोल नहीं है।

## क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे माइक्रो पर्यवेक्षक



चुनाव कार्य में तैनात अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा और दो विधानसभा उपचुनावों को लेकर ऊना जिले में नियुक्त किए गए माइक्रो पर्यवेक्षकों के लिए मंगलवार को जिला परिषद हॉल ऊना में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने की।

इस दौरान उन्होंने माइक्रो पर्यवेक्षकों को उनके दायित्व और कर्तव्यों की जानकारी दी तथा चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित मानकों की अनुपालन सुनिश्चित बनाने और अपनी ड्यूटी को पूरी लगन से निभाने को कहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि माइक्रो पर्यवेक्षक जिले में क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे। इसलिए वे अपने दायित्वों को लेकर अधिक सजग रहें। स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराने में माईक्रो पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बता दें, जिला में मतदान के लिए 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 51 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं।

## मानव श्रृंखला से देंगे 'वोट करेगा ऊना' का संदेश

**ऊना।** जिले में लोकसभा चुनावों और दो विधानसभा उपचुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसमें एक और नवीन एवं रचनात्मक पहल करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर ऊना जिला वासियों को वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

स्वीप के तहत 15 मई को किए जा रहे इस आयोजन में आईआरबीएन बनगढ़ बटालियन के मैदान में जिला ऊना के मैप पर आधारित मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। यह आयोजन दोपहर बाद 3 से 4 बजे के बीच होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तमाम गतिविधियां आयोजित कर रहा है। हमारा प्रयास है कि पहली जून को सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर संबंधित मतदान केंद्र पर अपना वोट अवश्य डालें और लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं।

## जोल गांव में जंगल की आग से बगीचा तबाह

**अनंत ज्ञान, जोल**

उपतहसील जोल के अंतर्गत सोहारी पंचायत के रामनगर गांव में फलदार पौधों का बगीचा जंगल की आग से बुरी तरह प्रभावित हो गया।

बगीचे में सिंचाई के लिए लगी पाइप भी जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक रामनगर गांव के किसान सुभाष गर्ग ने अपनी भूमि पर नींबू का बगीचा लगाया था। बगीचे में जंगल की तरफ से आग फैल गई और पूरा बगीचा तहस नहस हो गया। ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया गया।

आग से लगभग 50 पौधे और सिंचाई की पाइप जलकर राख हो गई। किसान सुभाष गर्ग ने बताया कि लगभग 75 हजार का नुकसान हुआ है। लोगों ने किसान को आर्थिक सहायता की मांग की है।



आग से बगीचे में हुआ नुकसान।

## केवी सलोह में 11वीं कक्षा के लिए पंजीकरण 23 तक

**ऊना।** केंद्रीय विद्यालय (केवी) सलोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 11वीं कक्षा के लिए पंजीकरण 14 से 23 मई तक किए जा सकते हैं। यह जानकारी केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम गुलेरिया ने दी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण से संबंधित विवरण के लिए वेबसाइट पर लॉगिन कर सकते हैं।

## ऊना जिले के दो विधानसभा उपचुनावों के लिए हुए 13 नामांकन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन मंगलवार को गगरेट विधानसभा से तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम ने बताया कि गगरेट से अमित वशिष्ट पुत्र देव पाल वशिष्ट, गांव व डाकघर ओयल, तहसील घनारी ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया।

वहीं, रविंद्र कुमार पुत्र सीता राम, वार्ड संख्या 7, गांव कुठेड़ा जसवालां निचला, डाकघर कुठेड़ा जसवालां, तहसील घनारी ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन भरा। इसके अलावा चैतन्य शर्मा पुत्र राकेश शर्मा, गांव अभयपुर, तहसील घनारी ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दर्ज किया।

**आज होगी नामांकनों की छंटनी :** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी जतिन लाल ने बताया कि 15 मई को नामांकनों की छंटनी की जाएगी। 17 मई को 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे, उसी दिन 3 बजे के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह जारी कर दिए जाएंगे। पहली जून को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना की जाएगी।

### कुटलैहड़ से इन्होंने दाखिल किए नामांकन पत्र

वहीं, कुटलैहड़ निर्वाचन क्षेत्र से 5 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल को सौंपे हैं। इनमें राजीव शमा पुत्र देश राज शर्मा, गांव घडोह व डाकघर व तहसील बंगाणा ने आजाद उम्मीदवार, विवेक शमा पुत्र राम नाथ, गांव व डाकघर बरनोह, तहसील ऊना ने इंडियन नेशनल कांग्रेस, देवेंद्र कुमार भुट्टो पुत्र प्यार सिंह, गांव व डाकघर चराड़ा, तहसील बंगाणा ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार, चंचल सिंह पुत्र बिशन सिंह, गांव व डाकघर चलोला ने निर्दलीय प्रत्याशी, मनोहर लाल पुत्र कृष्ण दत्त, गांव व डाकघर समूरकलां, तहसील ऊना, जिला ऊना ने भारतीय जनता पार्टी के कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर अपने नामांकन परचे दाखिल किए हैं।

### गगरेट से इन्होंने भरा परचा

गगरेट निर्वाचन क्षेत्र से 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन निर्वाचन अधिकारी एसडीएम गगरेट को सौंपे हैं जिनमें गगरेट से मनोहर लाल पुत्र मुलख राज, गांव व डाकघर डंगोह खास, तहसील घनारी ने आजाद उम्मीदवार, राकेश कालिया पुत्र मदन लाल, गांव व डाकघर भंजाल, शंकर नगर, तहसील घनारी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी, रेणु कालिया पत्नी राकेश कालिया, गांव व डाकघर भंजाल, शंकर नगर, तहसील घनारी, जिला ऊना ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के कवरिंग उम्मीदवार, मोहित बग्गा पुत्र मोहिंद्र पाल बग्गा, गांव व डाकघर गगरेट, उपतहसील कलोह ने निर्दलीय प्रत्याशी, अशोक सौंखला पुत्र परम जीत सिंह, गांव व डाकघर अंबोआ, तहसील घनारी ने आजाद उम्मीदवार, अनिल वशिष्ट पुत्र देव पाल वशिष्ट, गांव व डाकघर ओयल, तहसील घनारी ने निर्दलीय उम्मीदवार, रविंद्र कुमार पुत्र सीता राम, गांव कुठेड़ा जसवालां निचला, डाकघर कुठेड़ा जसवालां, तहसील घनारी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपने नामांकन दाखिल किए हैं।

## एक दर्जन ने थामा भाजपा का दामन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

देशभर में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर दल बदल का दौर जारी है। अब इसी कड़ी में शाहपुर में एक दर्जन के करीब लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है। भाजपा में शामिल होने वाले हरनेरा पंचायत के अक्षय कुमार, मान चंद शर्मा, पूर्व उपप्रधान चरण दास, पूर्व उपप्रधान अमर सिंह नरियाल, चंदन राणा, पूर्व सैनिक बलवंत सिंह, पूर्व सैनिक कमल सिंह, माला देवी, पूर्व कैप्टन सुभाष चंद, शिशु पाल, पूर्व कैप्टन राजेंद्र राणा, कमल सिंह, पूर्व कैप्टन रविंद्र राणा आदि को कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने हार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, जिला महामंत्री राकेश चौहान, मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा,भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष अरुण कौशल मौजूद रहे।



## विशेष अदालतें 29 जुलाई से

**धर्मशाला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव बाली ने बताया कि उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से लेकर 3 अगस्त तक विशेष अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। यदि किसी का केस उच्चतम न्यायालय में लंबित है तो उस मामले को उपरोक्त दिनों में स्पेशल लोक अदालत में लगा सकते हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव बाली ने कहा कि इसका लाभ उठाएं।

## नलेटी स्कूल का परिणाम रहा बेहतरीन

**परागपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नलेटी का दस जमा दो विज्ञान और वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य शशि कला कटोच ने कहा कि सत्र 2023-24 में कक्षा प्लस टू के दोनों संकायों में कुल 45 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी और सभी उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में विदुषी ठाकुर 92.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, गरिमा जम्वाल 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और शिवांगी राणा 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। वाणिज्य में भाविश सलूजा 89.4 लेकर प्रथम, अर्शप्रीत कौर 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और इशिता शर्मा 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा दसवीं में वंशिका मिन्हास 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर, अनिरुद्ध कुमार 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर और पुलकित धीमान 87.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य ने 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर उन्हें शुभकामनाए प्रदान की।

## यू-ट्यूब पर छाया पहाड़ी गायक इंद्रजीत का गाना

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

लंबागांव निवासी पहाड़ी गायक इंद्रजीत द्वारा लिखा और गाया गया पहाड़ी गीत छड मेरी वाहीं दा सिरहाना यू-ट्यूब पर काफी चल रहा है। लोग इस गीत को खूब शेयर कर रहे हैं और रीलस बना रहे हैं।



गौरतलब है कि इंद्रजीत लोअर लंबागांव के रहने वाले हैं और गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने अपने नाना के सानिध्य में बहुत ही छोटी उम्र में संगीत सीखना शुरू कर दिया था और 6 साल की उम्र में जागरण में परफार्म करना भी शुरू कर दिया था। इंद्रजीत ढोलक, हारमोनियम और बांसुरी को भी बहुत बढ़िया तरीके से प्ले करते हैं। कुलभूषण जसरोटिया जो कि पहाड़ी सिंगर और डायरेक्टर भी हैं उनकी नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने इंद्रजीत को उनके द्वारा लिखे गाने की रिकॉर्डिंग का मौका दिया और जसरोटिया म्यूजिक के बैनर तले गाने को शूट किया है। इस गीत को लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।

## सुक्खू के खिलाफ लड़ रहा हूं चुनावः सुधीर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कहा कि वह जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं, लेकिन प्रदेश के सीएम सुक्खू ने राजनीतिक रंजिश के चलते धर्मशाला के विकास को रोककर हाशिए पर धकेल दिया। धर्मशाला की जनता के आत्म सम्मान के लिए आज उपचुनाव की नौबत आ गई। सुधीर शर्मा नामांकन पत्र भरने के बाद जोरावर स्टेडियम में आयोजित स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। सुधीर शर्मा ने कहा कि मैं इस बार किसी कांग्रेस के उम्मीदवार से नहीं,बल्कि हमारी लड़ाई धर्मशाला का विकास रोकने वाले सीएम सुक्खू से है। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला की जनता सब जानती है, इसका नतीजा मतगणना के दिन सबके सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि हर्ष महाजन के चुनाव जीतने के बाद सीएम सुक्खू को गहरा सदमा लगा है। इसलिए वह बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से लोगों का मोह भंग हो चुका है और जल्द कांग्रेस सरकार की विदाई तय है। (अनंत ज्ञान)

### इसी स्टेडियम में सीएम ने किया था अपमानित

**सुधीर** शर्मा ने कहा कि आज तक मैं जब से राजनीति में आया हूं, तब से मेरा कोई काम व्यक्तिगत नहीं रहा। बीते समय को याद करते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि यह वही जोरावर स्टेडियम है, जहां सुक्खू ने सबके हाथ पकड़े, लेकिन मेरा हाथ झटक रहे थे। आज समय बदल गया है और लोगों का समर्थन है। सीएम सुक्खू ने मेरा हाथ झटककर धर्मशाला से सैकड़ों मतदाताओं का भी अपमान किया था।

### धर्मशाला के स्वाभिमान के लिए करनी है मेहनत

**सुधीर** शर्मा ने कहा कि हमें चुनाव के लिए नहीं, बल्कि धर्मशाला के भविष्य के लिए मेहनत करनी है। हमारे जो काम रुके पड़े हैं, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, आईटी पार्क, यूनिटी मॉल, ढगवार का मिल्क प्लांट, रोजगार की दृष्टि से जो पलायन हो रहा है उसे रोकना है। चुने हुए प्रतिनिधियों का यह पहला धर्म होना चाहिए। इस धर्म को निभाएंगे और सबके साथ मिलकर धर्मशाला को आगे लेकर जाएंगे।

## चुनाव | धर्मशाला में सीएम की मौजूदगी के बावजूद दिखा सुधीर का सियासी कद

# कांग्रेस के मुकाबले भाजपा ने जुटाई ज्यादा भीड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में मंगलवार का दिन भाजपा तथा कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन का दिन रहा। भले ही कांग्रेस पार्टी की नामांकन से पहले हुई रैली में प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी मौजूदगी दर्ज की हो, लेकिन दूसरी ओर भाजपा के प्रत्याशी सुधीर शर्मा की रैली में उमड़े जन सैलाब ने यहां कांग्रेस को बैकफूट पर धकेल दिया।

जोरावर स्टेडियम में सुधीर शर्मा की रैली में 12000 से ज्यादा उमड़ी भीड़ के चलते विरोधी चारों खाने चित्त नजर आए। खास बात यह कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मौजूदगी के बावजूद यहां सुधीर शर्मा अपने समर्थकों का हुजुम जुटाने में कामयाब रहे। वहीं भाजपा के बड़े नेताओं के सुधीर शर्मा की रैली में न होने के बावजूद जुटी हजारों की भीड़ ने यहां सुधीर शर्मा के कद को साबित किया। बताते चलें कि भाजपा की ओर से हमीरपुर संसदीय सीट के प्रत्याशी तथा पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद रहे तथा इसके अलावा स्थानीय भाजपा नेता ही रैली में शामिल हुए।

कयास इस बात के लगाए जा रहे थे कि प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मौजूदगी के चलते यहां भाजपा के लिए भीड़ जुटाना चुनौती रहेगा, लेकिन कयासों के विपरित सुधीर शर्मा ने यहां हजारों की भीड़ जुटा कर चुनावों से ऐन पहले शक्ति प्रदर्शन कर खुद को विरोधियों की तुलना में इक्कीस साबित कर दिया।



नामांकन के दौरान समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा।

## ग्रीन फील्ड स्कूल का परिणाम बेहतरीन




**नगरोटा बगवां।** सीबीएसई द्वारा सोमवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इसमें ग्रीन फील्ड वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय की छात्रा सुहाना ने 97 फीसदी अंक लेकर जिला के सभी विद्यालयों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। निताली धर ने 95 फीसदी अंक लेकर द्वितीय व कनव ने 94 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा के अन्य विद्यार्थियों में रश्मि ने 9, दीपांशी ने 93, शगुन कौंडल ने 92, ज्योत्सना शर्मा ने 90, कनिका ने 90, आर्यन जरियाल ने 90, खुशबू ने 89, मुस्कान, अर्श गुप्ता, तनिष व श्रेया कटोच ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किए। दसवीं कक्षा का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। प्रियांशी कायस्था ने 97 फीसदी अंक लेकर प्रथम, अनुष्का ने 96.2 अंक लेकर द्वितीय तथा कशिश भारद्वाज व अनीश उपाध्याय ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा ने बेहतर परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थियों को बधाई दी है।

> वह जो पचास लोगों से प्रेम करता है, उसके पचास संकट हैं, वह जो किसी से प्रेम नहीं करता, उसको एक भी संकट नहीं है। -महात्मा बुद्ध

## संपादकीय

# नकली दवाओं का कारोबार

हिमाचल प्रदेश में नकली दवाइयों का कारोबार दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। एशिया का सबसे बड़ा फार्मा हब बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ यानी बीबीएन अब नशे के कारोबार से जुड़ता हुआ नजर आ रहा है। यहां बार-बार पड़ोसी राज्यों की पुलिस की छापेमारी से हिमाचल की साख पर भी बट्टा लग रहा है। बद्दी की एक फार्मा कंपनी में प्रतिबंधित दवाओं के उत्पादन का भंडाफोड़ होने से राज्य ड्रग कंट्रोलर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया चिन्ह लग गया है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है, लेकिन इस काले धंधे में जुटे लोगों को भला उससे क्या सरोकार? नकली दवाई बनाने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उनका कारोबार हिमाचल ही नहीं, अपितु पूरे देश में फैल रहा है।

सिर्फ एक राज्य में ही नहीं, बल्कि अनेक राज्यों में नकली दवाइयां बनाने का कारोबार चल रहा है। नकली दवाइयां बनाकर बड़ी-बड़ी कंपनियों के नाम पर बेची जा रही हैं। सवाल यह उठता है कि ड्रग कंट्रोलर विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस आखिर कर क्या रही है? उनकी नाक के नीचे नकली दवाइयां बनाने वालों का करोड़ों का अवैध कारोबार चल रहा है। आखिर किसकी शह पर ये दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं? प्रदेश में करीब पौने सात सौ दवा कंपनियां हैं। हिमाचल में कैंसर, ब्लड प्रेशर से लेकर हार्ट, बुखार, जुकाम तक की सभी तरह की दवाइयां बनती हैं। बार-बार दवाओं के सैंपल फेल होने पर यहां बनने वाली दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। लाइसेंस रद्द करने के बाद कुछ माह बाद लाइसेंस फिर से दे देने से इस समस्या का हल नहीं हो सकता। सबसे बड़ी जिम्मेदारी मैन्युफेक्चरर की होती है। नियम पूरे देश में और सख्ती से लागू होने चाहिएं।

बीबीएन में एक लाइसेंसिंग अथॉरिटी बैठाने की जरूरत है। वहां पर टेस्टिंग लैब भी होनी चाहिए, ताकि समय पर पर सैंपलों की जांच हो सके। हालांकि, प्रदेश सरकार नकली और घटिया दवा बनाने वाली फार्मा कंपनियों पर भी शिकंजा कसती रही है। कई कंपनियों के लाइसेंस रद्द हो जाते हैं तो कई को चेतावनी के तौर पर नोटिस दिए जाते हैं। नकली और खराब दवाएं देश के हेल्थ सिस्टम को खराब बना रही हैं। भारत में बिकने वाली दवाओं में 20 प्रतिशत नकली होती हैं, जबकि डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 4.5 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की क्वालिटी घटिया पाई गई है। दरअसल, भारत में नकली दवाओं का कारोबार कोरोना महामारी के बाद तेजी से बढ़ा है। व्यापार संगठन एसोचैम की मानें तो भारत में 25 प्रतिशत दवाएं नकली होती हैं या फिर घटिया होती हैं। एक अनुमान के मुताबिक, देश में नकली दवाओं का सालाना कारोबार 80 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है।

केंद्र सरकार भी इस गंभीर मसले पर काफी संजीदा है। वह नकली दवाओं पर रोक लगाने के लिए क्यूआर कोड सिस्टम लागू करने जा रही है। इसके लिए सरकार ट्रैक एंड ट्रेस योजना बना रही है। पहले चरण में पैकेजिंग लेवल पर बारकोड और क्यूआर कोड प्रिंट होगा। इसे स्कैन करने से दवा के बारे में असली या नकली होने के बारे में जानकारी मिल जाएगी। फिलहाल सरकार ने नकली दवा बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार कर लिया है, जिसका असर दोयम दर्जे की दवाइयां बनाने वाली कंपनियों पर पड़ना तय है।

पूरे हिमाचल में सिर्फ एकमात्र टेस्टिंग लैब सोलन जिले के कंडाघाट में है। इंजेक्शन, माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित परीक्षणों के साथ-साथ परिष्कृत उपकरणों का उपयोग करने वाली सुविधाओं का अभाव प्राथमी गुणवत्ता नियंत्रण बनाए रखने में ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन के लिए एक बड़ी बाधा है। ये परीक्षण अन्य राज्यों को आउटसोर्स किए जाते हैं, लेकिन हिमाचल में यह सुविधा भी नहीं है। हालांकि बद्दी में एक नई प्रयोगशाला स्थापित किए जाने की कवायद चल रही है, लेकिन योजना अभी धरातल पर नहीं उतर पाई है। फिलहाल लोगों को खुद ही सतर्क रहने की जरूरत है। लोग डॉक्टरों की रिकोमेंडिड दवाई ही खरीदें और उन्हें डॉक्टरों को एक बार अवश्य चेक करवाएं, फिर इनका इस्मेमाल करें। सावधानी बरतने में ही समझदारी है। ■

# गरीब वर्ग तक अब सहायता पहुंचाना हुआ आसान

आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी, तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है परंतु केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को एक जुलाई, 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था।

वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था संबंधी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था, परंतु इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे-धीरे दूर कर लिया गया है। आज वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है, जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है, जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मधुमक्खी फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से देश में लागू करने के प्रयास किए गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत धनाढ्य वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है।



लेखक : प्रहलाद सबनानी
आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ

भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किए हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टत: दिखाई देने लगे हैं। एक मई 2024 को अप्रैल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से संबंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रैल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है।

देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था, जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी, परंतु केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाए जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। पूरे भारत में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं, साथ ही जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया गया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देशभर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में आई तेजी के चलते केवल गरीब वर्ग के लिए विशेष योजनाएं ही नहीं चलाई गई हैं, बल्कि विशेष रूप से केंद्र सरकार के लिए अपने पूंजीगत खर्च में भी बढ़ोतरी करने में आसानी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च का केंद्रीय बजट में प्रस्ताव किया गया है जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के 10 लाख करोड़ रुपए का था एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.5 लाख करोड़ रुपए का था। केंद्र सरकार द्वारा की जा रही इतनी भारी भरकम राशि के पूंजीगत खर्च के कारण ही आज देश में निजी क्षेत्र भी अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित हुआ है। विदेशी वित्तीय संस्थान भी अब भारत में अपना विदेशी निवेश बढ़ा रहे हैं। वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण में लगातार हो रही वृद्धि के कारण केंद्र सरकार के बजट में वित्तीय घाटे की राशि को लगातार कम किए जाने में सफलता मिल रही है, इससे केंद्र सरकार को अपने खर्चे चलाने के लिए बाजार से ऋण लेने की आवश्यकता भी कम होने जा रही है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# वक्फ बोर्ड या मुस्लिम तुष्टीकरण

मध्य प्रदेश के भोपाल में वक्फ बोर्ड से जुड़ा एक मामला सामने आया है। कहने को यह राजधानी का केंद्र है, लेकिन यहां खुले तौर पर इस्लामवादियों ने बीच शहर में सरकारी एवं निजी संपत्ति पर जबरन कब्जा, नव बहार सब्जी मंडी की बिल्डिंग के पास कर लिया है और बोर्ड भी चस्पा कर दिया है। यहां बने हिंदू अनाथालय की भूमि पर कब्जा करने की तैयारी की जा रही है। कुछ लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है और कुछ को डर दिखाया जा रहा है। पता चला है वक्फ के नाम पर वसूली भी चालू है।

वस्तुत: इस घटना ने आज एक बार फिर चिंता में डाल दिया है और यह सोचने के लिए विवश किया है कि न जाने भारत में इस प्रकार के कितने स्थान और संपत्तियां होंगी, जहां वक्फ बोर्ड से जुड़े लोग इसी तरह से कब्जा कर उसे आगे हमेशा के लिए वक्फ की संपत्ति घोषित कर देने का काम कर रहे हैं। वास्तव में यह मामला इतना महत्व का है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 याचिकाएं देश भर की विभिन्न अदालतों के समक्ष लंबित हैं। अधिकांश में भारत के विधि आयोग को अनुच्छेद 14 और 15 की भावना में 'ट्रस्ट-ट्रस्टी और चैरिटी-चैरिटेबल संस्थानों के लिए एक समान कानून' का मसौदा तैयार करने के लिए कहा गया है।

लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दरअसल, वक्फ को संसद से मिली शक्तियां आज भारत में एक आम इंसान के मन में यह डर पैदा कर रही हैं कि कहीं कभी उसकी संपत्ति की बारी न आ जाए और वक्फ उस पर अपना दावा न ठोंक दे। मध्य प्रदेश के भोपाल में ऐसे ही एक प्रकरण का जिक्र यहां बनी मनोहर डेरी के सामने ईसराणी मार्केट से लगी हुई नगर निगम/ सरकारी 27000 वर्ग फुट जमीन का है। पुराने शहर के बीचोंबीच अरबों रुपए की इन जमीनों को लेकर वक्फ पर आरोप है कि उसने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है । कहने वाले कह रहे हैं कि अकेले मध्य प्रदेश में इस प्रकार के अनेक केस हैं, फिर देश में क्या स्थिति होगी। वक्फ बोर्ड की मनमानी को अदालतों में चुनौती देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजयनाथ तिवारी सही कहते हैं, ''वक्फ बोर्ड को मिले अधिकारों में कटौती करने की जरूरत है, क्योंकि वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन कब्जाने का षड्यंत्र 2013 के बाद से और तेज हो गया है। इसी साल सोनिया-मनमोहन सरकार ने वक्फ बोर्ड को अपार शक्तियां दे दी थीं। कांग्रेस की इस सरकार ने वक्फ कानून 1995 में संशोधन कर उसे इतना घातक बना दिया कि वह किसी भी संपत्ति पर दावा करने लगा है। यह आप इससे भी समझ सकते हैं कि आज भारत में सशस्त्र बल और रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड तीसरा सबसे बड़ा जमींदार है। वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के डेटा के अनुसार देश में वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख 54 हजार से अधिक संपत्तियां हैं, जो कि आठ लाख एकड़ से ज्यादा हैं।'' **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### श्रम ही संघर्ष



हीरा सिंह कौशल
गांव महादेव,
तहसील सुंदरनगर

*मजदूर हूं बिना श्रम से नहीं होता अपना गुजारा,*
*संघर्ष पथ पर चलता हूं परंतु मुश्किल से होता गुजारा,*
*हर पल करता नवनिर्माण जिससे चलता जीवन हमारा,*
*पलभर आराम नहीं,*
*हर हाल में चलना है जीवन हमारा,*
*बरखा, पानी, सर्दी, खांसी हो चाहे,*
*निरंतर चले काम हमारा,*
*तन की थकन मांगती आराम,*
*कट जाता वेतन हमारा,*
*बस श्रम से ही मिटती भूख,*
*सियासत नहीं काम हमारा,*
*बेबसी से चल पड़े हैं मजदूर,*
*है न ठौर-ठिकाना हमारा,*
*प्रगति पथ पर बढ़ता राष्ट्र जब मिलता श्रम वर्ग का सहारा,*
*श्रम में ही संघर्ष है प्रेरणा दे जाता मजदूर का काम सारा।*

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के सुप्रसिद्ध हास्य अभिनेता

जॉनी वॉकर भारत के एक सुप्रसिद्ध हास्य अभिनेता थे। इनका असली नाम बदरुद्दीन जमालुद्दीन काजी था। जॉनी वॉकर की शादी नूरजहां से हुई थी। इन दोनों की मुलाकात 1955 में गुरुदत्त की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' के सेट पर हुई। जॉनी वॉकर और नूर की तीन बेटे और बेटियां हैं। जॉनी वॉकर एक विनम्र आदमी थे। जिंदगी की शुरुआत उन्होंने बस कंडक्टर के रूप में की। बस में यात्रियों से मजाकिया बातें करना उनका शौक था, जिसने बलराज साहनी को आकर्षित किया। बलराज साहनी ने इन्हें गुरु दत्त से मिलवाया और संवेदना और हास्य के दो शिखर एक हो गए, जिसने हिंदी सिनेमा के लिए नई परिभाषाएं गढ़ीं। 'चोरी-चोरी', 'नया दौर', 'मधुमती', 'मेरे महबूब', 'आनंद' आदि फिल्मों में जॉनी वॉकर मीठी फुहार की तरह राहत देने आते थे, जब दर्शकों को फिल्म की गंभीरता से उबरना मुश्किल लगने लगता था। जॉनी वॉकर के अभिनय में इतनी ऊंचाई थी कि आमतौर पर हल्की-फुल्की मनोरंजक फिल्मों की जगह गंभीर फिल्मों की गंभीरता के बर्फ को तोड़ने की जवाबदेही मिली। हैरानी नहीं कि बरसों बाद भी कमल हासन के साथ जब वह 'चाची 420' में दिखे तो उतने ही जीवंत, उतने ही ताजा दम थे। जॉनी वॉकर की कॉमेडी आज भले ही पुरातन मानी जाती हो, लेकिन 1950 और 1960 के दशक के दौरान उनकी अपनी फैन फॉलोइंग थी। वह एक बुद्धिमान अभिनेता थे जिन्होंने अपनी मेहनत की कमाई कभी भी फिल्म निर्माण में नहीं लगाई। एक समय में, बॉम्बे (अब मुंबई) की सड़कों पर चलने वाली 80 प्रतिशत से अधिक टैक्सियां जॉनी वॉकर की थीं।



**जॉनी वॉकर**
**जन्म :** 15 मई, 1923
**मृत्यु :** 29 जुलाई, 2003

# ऑनलाइन खेलों का बढ़ता चलन, गुनाह के दलदल में 'गुम' हो रहे युवा

भारत ने नए दौर की अत्याधुनिक तकनीक के विकास में काफी तत्परता दिखाई है, जिसके परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है और ये आज हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। बेशक, प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों ने दुनिया को करीब ला दिया है और लोगों के साथ हमारे संवाद करने के तरीके को बदल दिया हो, लेकिन इसकी लत एक गंभीर विषय है, जिस पर हम सबको ध्यान देने की जरूरत है। खास कर उस पीढ़ी को जो 20वीं सदी के आसपास पैदा हुई और जिसका कंप्यूटर और स्मार्टफोन से संबंध बचपन से ही रहा है। एक शोध के अनुसार 16-18 वर्ष की आयु के युवा सोशल मीडिया पर अपने फोटो, विभिन्न पोस्ट और ट्रेंडिंग जगहों की चेक इन करके दिखावा करने में लगे हुए हैं।

ये ऑनलाइन गतिविधियां लगातार मानवीय भावनाओं से लगातार खिलवाड़ कर रही हैं। इन गतिविधियों के स्रोत अनंत हैं, जिसमें खोकर युवा पीढ़ी घंटों स्क्रीन स्क्रॉल करती रहती है, परिणामस्वरूप ज्यादातर बच्चे ईर्ष्यालु, प्रतिस्पर्धी और तनावग्रस्त होते जा रहे हैं। युवाओं में आजकल ऑनलाइन वीडियो गेम्स खेलने की लत लग रही है। इसमें कोई शक नहीं है कि गेमिंग आपके बच्चे के समन्वय, समस्या-समाधान और बहु-कार्य कौशल को बेहतर बनाने में मदद करने के साथ ही अन्य खिलाड़ियों के साथ ऑनलाइन सहभागिता के माध्यम से सामाजिक कौशल का निर्माण भी कर सकती है, लेकिन दूसरी तरफ इसकी लत बहुत सारे परिवारों को बर्बाद कर रही है ।



लेखक : रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी देवी पाठशाला

विशेषज्ञों का कहना है कि ये वीडियो गेम्स इस तरह से डिजाइन किए गए हैं कि यह बच्चों को आकर्षित करने के साथ ही नशे की लत की तरह डोपामाइन के स्तर को बढ़ा रहे हैं। उच्च स्तर की हिंसा वाले ऐसे वीडियो गेम धीरे-धीरे बच्चों को अधिक आक्रामक बना रहे हैं। इसके अलावा आजकल ऑनलाइन गेम्स जैसे ड्रीम 11, रम्मी, पोकर और अन्य सट्टेबाजी के खेल भारत में काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। ये खेल आपको थोड़े सा दिमाग का प्रयोग कर करोड़पति बनने का सपना दिखाते हैं। भारत में सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट जिसे कभी भद्रजनों का खेल कहा जाता था, आज उसके मिनी संस्करण आईपीएल में चल रहे ड्रीम 11 खेल के कारण जुए एवं सट्टेबाजी का बाजार बन चुका है , जो 49 रुपए में युवाओं को रातोंरात करोड़पति बनने का सपना दिखा रहा है। इस चक्कर में लाखों युवाओं को इस खेल की लत लग गई है और अपनी वर्षों की मेहनत की कमाई के साथ-साथ अपने जीवन और समय को यूं ही बर्बाद करने में लगे हुए हैं। हालांकि इन ऑनलाइन गेम्स साइट के लिए कानूनी आयु सीमा 18 वर्ष है, लेकिन फर्जी आईडी और आयु सीमा की जांच के लिए ऐसा कोई प्राधिकरण नहीं है, जिसके चलते बच्चे इसके ज्यादा शिकार हो रहे हैं।

इस खेल को खेलने वाले बहुत से लोग पैसे के नुकसान या कर्ज में डूबने के कारण न केवल आत्महत्या कर लेते हैं, अपितु सट्टेबाजी की इस लत को जारी रखने के लिए डकैती, अपहरण और हत्या जैसे अपराध करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। इससे जहां समाज में एक तरफ असुरक्षित माहौल पैदा हो रहा है, वहीं दूसरी ओर लोग अपने रिश्ते, आचरण व मान-सम्मान सब खो रहे हैं। लोगों के इस तरह की गतिविधियों की ओर रुख करने का एक और मुख्य कारण यह है कि कई मशहूर हस्तियां जिन्हें लोग अपने रोल मॉडल मानते हैं, इन ऑनलाइन सट्टेबाजी साइटों का प्रचार कर रहे हैं और अप्रत्यक्ष रूप से लोगों को अपना पैसा इसमें निवेश करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। लोग उन पर विश्वास करते हैं, लेकिन वास्तव में सच्चाई कुछ और ही है। आज हर एक माता-पिता के मन में केवल यही सवाल है कि बच्चों को ऑनलाइन खतरों से कैसे बचाया जाए।

विशेषज्ञों की मानें तो माता-पिता को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। उन्हें समझना चाहिए कि उनके बच्चे क्या कर रहे हैं। कोरोना के कारण जब स्कूल बंद थे और कक्षाएं ऑनलाइन चल रही थीं तो इसी दौरान मोबाइल की लत और ज्यादा बढ़ गई। पहले बच्चों में गेम्स की आदत थी जो कि अब धीरे-धीरे ऑनलाइन गैंबलिंग की ओर बढ़ रही है। यह स्थिति अभिभावकों के लिए बेहद चिंतनीय है क्योंकि अगर सही समय पर बच्चों को इस खतरनाक लत से ना बचाया गया तो ये उनके एवं समाज के भविष्य के लिए बहुत अधिक हानिकारक हो सकती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बढ़ती टेक्नोलॉजी और डिजिटल उपकरणों का उपयोग हामरे दैनिक जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण हो गया है, लेकिन इन पर अत्यधिक आश्रित होना मानव विकास को भी बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। इसकी आसान पहुंच और त्वरित जानकारी से आलस्य तो आता ही है, साथ ही चरित्र पर भी इसका भारी प्रभाव पड़ता है और असुरक्षा की भावना पैदा होती है।

लगातार फोन, लैपटॉप व कंप्यूटर का इस्तेमाल करने से आज अधिकतर युवा गर्दन, सिर और पीठ दर्द से जूझ रहे हैं। इससे बचने के लिए वास्तविक जीवन के खेल बच्चों के लिए बहुत मददगार साबित हो सकते हैं , इसलिए क्रिकेट, बास्केटबाल, बैडमिंटन जैसे खेल, खेलने के लिए बच्चों को कहें और हो सके तो उनके साथ माता-पिता स्वयं भी खेलें। ऐसे बच्चों से जितना अधिक हो सके, मेल-जोल बढायें। इसके अलावा योग करने से हमारी ध्यान शक्ति बढ़ती है एवं समय पर नींद भी आती है इसलिए बच्चों को प्रतिदिन योग अभ्यास की आदत भी डालें । अगर फिर भी तमाम कोशिशों के बावजूद इन डिजिटल गेम्स से दूरी न बन पा रही हो, तो किसी मनोवैज्ञानिक सलाहकार की मदद अवश्य लें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**नशा** एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तंबाकू और धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता ही है, साथ ही स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचाता है। नशे करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरूप हो जाता है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। नशा अब एक अंतरराष्ट्रीय विकराल समस्या बन गई है। आज स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्ग और विशेषकर युवा वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस अभिशाप से समय रहते मुक्ति पा लेने में ही मानव समाज की भलाई है, जो इसके चंगुल में फंस गया, वह स्वयं तो बर्बाद होता ही है, इसके साथ ही साथ उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है। आजकल अकसर यह देखा जा रहा है कि युवा वर्ग इसकी चपेट में दिनों-दिन आ रहा है। व्यक्ति शुरू में तो इन नशीले पदार्थों के सेवन से आनंद महसूस करता है, लेकिन निरंतर उपयोग के चलते उस व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक बीमारियां झेलनी पड़ती हैं और अगर यही लतें विकराल रूप ले लें तो व्यक्ति का पारिवारिक और सामाजिक जीवन भी तहस-नहस हो जाता है। फिर चाहे कर भी व्यक्ति को इन लतों से छुटकारा नहीं मिल पाता है।

**-जगदीश चंद, जसौर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# भारतीय समाज के लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास के जज्बे को बचाए रखने की जरूरत

जनता द्वारा, जनता का और जनता के लिए शासन के महास्वप्न को साथ लेकर लोकतंत्र की शासन-विधा आधुनिक युग में सबसे प्रबुद्ध, व्यवहारिक और विवेकशील सरकार चलाने की पद्धति के रूप में स्वीकार की गई है। उत्तर कोरिया और चीन जैसे देश जरूर इसके अपवाद हैं जहां भिन्न किस्म की शासन व्यवस्थाएं हैं। यह भी सही है कि जिन देशों में लोकतंत्र है, सभी एक जैसे नहीं हैं। राजतंत्र और सैन्य हस्तक्षेप के विविध रूप ऐसे अनेक देशों में मिलते हैं, जहां स्वतंत्रता पर पहरा है, अन्याय और असमानता है। इन भेदों के बावजूद लोकतंत्र की व्यवस्था में जनता के चुने प्रतिनिधि या सीधे जनता से चुने लोगों को शासन संभालने की ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके मूल में 'सर्वे भवंतु सुखिन:' का ही आदर्श सक्रिय है।

सबकी भागीदारी के लिए अवसर देना, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ शासन चलाना, शांति और समानता के सिद्धांतों को जमीनी हकीकत बनाने के साथ प्रतिबद्धता लोकतंत्र की जान होती है। यह सब लोकतंत्र को मानवता की वैचारिक प्रगति के इतिहास में एक ख़ास उपलब्धि बना देता है। आज के अधिकांश विकसित देशों की कहानी में वहां के दर्दभरे खौफनाक अतीत की स्मृति आज भी लोगों को टीसती रहती है। लोकतंत्र की कीमत अब उन्हें भलीभांति मालूम है। लोकतंत्र की सफलता के लिए जरूरी है कि जनता से शासन करने के लिए मिली शक्ति की स्वीकार्यता और ठीक-ठीक पहचान बनी रहे। यह भी जरूरी है कि शासन में सत्ता का वितरण विकेंद्रित हो और जनता से सलाह-मशविरा भी लगातार होता रहे।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

इसमें नियमित रूप से जांच और संतुलन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। चुनाव में मतदान से इसकी शुरुआत होती है, इसलिए नियमपूर्वक और समय से चुनाव होने चाहिएं। नियमों और कानूनों का पालन होना चाहिए तथा कानून को ही सर्वोपरि माना जाना चाहिए। जरूरी यह भी है कि देश के नागरिकों के सभी मौलिक मानव अधिकारों की सुरक्षा अक्षत बनी रहे। इस सिलसिले में जीवन की, बोलने की, अभिव्यक्ति की और स्वच्छंद घूमने-फिरने की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना सरकार का बड़ा महत्वपूर्ण दायित्व बनता है। अब इस सूची में सिविल सोसायटी और गैर सरकारी संस्थाएं (एनजीओ) की व्यवस्थाएं भी जुड़ गई हैं।

अक्सर कहा जाता है कि लोकतांत्रिक शासन के संचालन की दृष्टि से न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया चार प्रमुख आधार स्तंभ का काम करते हैं। इनकी संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता अखंड बनी रहनी चाहिए। इसी तरह समानता, समता और बंधुत्व के सिद्धांत भी व्यापक संदर्भ का काम करते हैं, जिससे अनुप्राणित हो कर ही नियम कानून बनाते हैं और उनका अनुपालन किया जाना चाहिए। सरकार एक जीवन-शैली जैसा उपाय है जो देश और समाज के स्वस्थ विकास के लिए प्रयुक्त होता है। गौर से देखें तो लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने को सुनिश्चित करने में हर स्तर पर समाज की अधिकाधिक जन-भागीदारी होनी चाहिए। वह प्राण-वायु की तरह होती है, यदि वह अवरुद्ध हो जाए या उसके साथ अवांछित छेड़खानी हो तो लोकतंत्र और देश का स्वास्थ्य खराब हो जाएगा।

भारत की अगली लोकसभा के गठन के लिए हो रहे ताजे चुनाव के लिए प्रचार के माहौल में मतदाताओं को रिझाने के लिए साम, दाम, दंड, और भेद हर तरह की तरकीबों का उपयोग किया जा रहा है। स्टार प्रचारक खुली छूट लेते नजर आ रहे हैं।

सामान्य शिष्टाचार भूल कर वे जिस तरह दुष्प्रचार कर रहे हैं, आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं उसमें बहुत सारा विष-वमन भी होता दिख रहा है। यह याद रखना जरूरी है कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत यही है कि यह व्यवस्था लोकसंभव होती है, यानी लोक या समाज के भीतर से उपजने वाली लोक शक्ति ही इसके लिए नियामक होती है। विश्व-इतिहास इस बात का गवाह है यह व्यवस्था व्यापक जनहित की दृष्टि से अधिनायकवादी किस्म की दूसरी व्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा कारगर साबित हुई है और निश्चित रूप से कम बर्बर है। भारतीय समाज ने अनेक कठिनाइयों को झेलते हुए लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास व्यक्त किया है। इस जज्बे को बचाए रखने की जरूरत है। तभी हम सशक्त और समर्थ भारत का निर्माण कर सकेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ठियोग में कार दुर्घटनाग्रस्त पिता सहित तीन बच्चे घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ठियोग में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। इसमें सवार पिता सहित उनके तीन बच्चे घायल हो गए। सिविल अस्पताल ठियोग में चारों घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। पिता अशोक भंडारी को सिर पर चोट लगी है।

गाड़ी ठियोग सब्जी मंडी के समीप सड़क से करीब 100 फीट नीचे गिर गई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा सुबह सवा छह बजे के करीब हुआ। अशोक भंडारी ने पिछले कल ही (एचपी-09 5414) नंबर गाड़ी खरीदी थी। बच्चों ने शाम को घर पर जिद्द की। पापा हमें सुबह गाड़ी में घुमाने ले जाना। इसलिए अशोक भंडारी आज सुबह बच्चों अपने एक बेटे और दो बेटी को स्कूल भेजने से पहले ठियोग बाजार की ओर गाड़ी में घुमाने निकले। मगर उनकी गाड़ी ठियोग सब्जी मंडी के समीप सड़क से करीब 100 फीट नीचे गिर गई और एक बिल्डिंग की रेलिंग में रुक गई।

इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तीनों घायलों को ठियोग अस्पताल पहुंचाया। यहां से उन्हें आईजीएमसी भेजा गया है। बच्चों को हल्की चोटें आई है। पुलिस के अनुसार अशोक भंडारी मूल रूप से चौपाल के रहने वाले हैं। मगर बच्चों की पढ़ाई के लिए वह ठियोग में रहते हैं। यह हादसा कैसे हुआ। पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

# शिमला में तीन साल बाद फिर शुरू होगा किडनी ट्रांसप्लांट

## नेफ्रोलॉजी के डॉक्टर न होने से बंद हुए था किडनी ट्रांसप्लांट, आईजीएमसी के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल चमियाणा को मिला डॉक्टर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



हिमाचलवासियों को अब किडनी ट्रांसप्लांट करवाने बाहरी राज्य में नहीं जाना पड़ेगा। तीन साल बाद अब फिर आईजीएमसी में किडनी ट्रांसप्लांट शुरू होगा। आईजीएमसी के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल चमियाणा में अब नेफ्रोलॉजिस्ट की नियुक्ति हो गई है, जिससे एक बार फिर शिमला में किडनी ट्रांसप्लांट संभव हो पाएगा।

एम्स दिल्ली की मदद से प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में इससे पहले पांच किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। नेफ्रोलॉजिस्ट न होने के कारण किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो पा रहे थे। तीन वर्षों के बाद अब सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमियाणा को नेफ्रोलॉजिस्ट मिल गया है। बता दें कि इससे पहले यूरोलॉजी विभाग ही किडनी के मरीजों की जांच कर रहा था। सुपरस्पेशलिटी अस्पताल चमियाणा के प्रिंसिपल डा. रजनीश पठानिया ने बताया कि तीन वर्षों के बाद अस्पताल को नेफ्रोलॉजिस्ट मिल चुका है। इससे अस्पताल में एक बार फिर किडनी ट्रांसप्लांट संभव हो पाएगा। प्रदेश के लोगों को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अब बाहरी राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### वर्ष 2019 को शुरू हुई थी सुविधा

**सरकार** ने किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा तो 12 अगस्त 2019 में शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक सिर्फ पांच ही किडनी ट्रांसप्लांट हुए है। यह किडनी ट्रांसप्लांट भी दिल्ली एम्स के डॉक्टरों की निगरानी में हुए है।

### क्यों होता है किडनी ट्रांसप्लांट

**डायबिटीज,** दिल की बीमारियां आदि किडनी खराब होने के कारण हो सकते हैं। ऐसे में किडनी खराब होने की आखिरी स्टेज में डॉक्टरों द्वारा ट्रांसप्लांट की सलाह दी जाती है। आखिरी स्टेज में मरीज के पास किडनी ट्रांसप्लांट के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं रहता है।

### प्रदेश भर से आते हैं रोगी

**हिमाचल** में 10 फिसदी रोगियों को किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत है। आईजीएमसी हिमाचल का सबसे बड़ा अस्पताल होने के नाते यहां प्रदेश भर से मरीज आते हैं।

### पहले निशुल्क हुए किडनी ट्रांसप्लांट

**आईजीएमसी** में इससे पहले मरीजों के किडनी ट्रासप्लांट निशुल्क हुए। मरीजों को एक रुपए भी खर्च नहीं करना पड़ा। जबकि एक मरीज को किडनी ट्रासप्लांट करने में अपना किडनी डोनर होने के बाद भी पांच से सात लाख रुपए खर्च करना पड़ता है, लेकिन सरकार ने ही इन मरीजों पर सारा खर्च उठाया है। अब मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अपने पैसे खर्च करने पड़ेंगे या नहीं। इसको लेकर अभी सरकार व प्रशासन ने कोई निर्णय नहीं लिया है।

### एम्स डॉक्टरों की निगरानी में होंगे दस ट्रांसप्लांट

**बताया** जा रहा है कि अभी किडनी ट्रासप्लांट एम्स के डाक्टरों की निगरानी में ही होंगे। 10 के करीब ऑपरेशन एम्स के डाक्टरों की निगरानी में ही होंगे। उसके बाद आईजीएमसी के डाक्टर स्वयं करेंगे।

## त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

**बिलासपुर।** बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश का नेतृत्व मजबूत हाथों में होना बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत पिछले दस वर्षों से विकसित राष्ट्र बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूरे देश को अपना परिवार मानने वाले मोदी देशवासियों को विकसित भारत का तोहफा देना चाहते हैं। इसके विपरीत कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश को विकास से विनाश की ओर धकेलना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को सदर विधानसभा क्षेत्र की कुहमझवाड़ व ननावां पंचायतों में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर त्रिलोक जमवाल ने कहा कि कांग्रेस असल में विकास और आम जनता की विरोधी है।

# बिलासपुर की विभूति बनी सेना में लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



जिला बिलासपुर के गांव बघड़ (निचली भटेड़) गांव की विभूति ठाकुर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनी है। विभूति के पिता कुलदीप सिंह पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत है। जबकि माता वीरां देवी गृहिणी है। विभूति ने कड़ी मेहनत के दम पर इस मुकाम को हासिल किया है।

विभूति ठाकुर की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरोर से हुई है। जबकि विभूति ने वर्ष 2020-21 में शिमला के एक निजी कॉलेज से अपनी जीएनएम की डिग्री प्राप्त की है। इसके बाद विभूति ने पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई चंडीगढ़ से की। वर्ष 2023 में उसने अपनी पढ़ाई पूरी कर चंडीगढ़ में ही कोचिंग लेना शुरू कर दी। विभूति ठाकुर ने बचपन का सपना मन में संजोए हुए इसे साकार करने के लिए सेवा का सर्विस कमीशन अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। विभूति ठाकुर के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त होकर देश की जनता की सेवा करने की मन में ठानने वाली इस होनहार बेटी ने यहां तक पहुंचाने के लिए अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया। वहीं, करीब एक वर्ष पूर्व विभूति की शादी भी हो चुकी है। बावजूद इसके विभूति ने अपने सपने को पूरा करने के लिए अपनी पढ़ाई को जारी रखा। विभूति ठाकुर के पति आर्मी में कार्यरत है। वे जम्मू-कश्मीर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### प्रतिज्ञा ने लेफ्टिनेंट बन किया नाम रोशन



**दधोल।** घुमारवीं तहसील के अंतर्गत आने वाले गांव दधोल की प्रतिज्ञा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनी है। प्रतिज्ञा ने अपने परिवार सहित अपने पूरे क्षेत्र का नाम देश भर रोशन किया है। प्रतिज्ञा के पिता कमलेश कुमार भारतीय सेना से नायब सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुआ हैं। जबकि उनकी माता कांता देवी गृहिणी है। प्रतिज्ञा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर दधोल और हिम आंचल पब्लिक सिनियर सेकेंडरी स्कूल दधोल से की है। जबकि प्रतिज्ञा की जमा दो की शिक्षा मिनर्वा स्कूल घुमारवीं से हुई है। प्रतिज्ञा ने बीएससी नर्सिंग की शिक्षा सेना नर्सिंग कालेज जालंधर से पास की है। जबकि एमएससी की शिक्षा डीएमसी लुधियाना से पास की है।

# आग लगने से दोमंजिला मकान राख

## जोल बाहल में पेश आया वाकया, अग्निकांड से हुआ पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपए का नुकसान

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

घुमारवीं उपमंडल के तहत आने वाली लैहडींसरेल पंचायत की गांव जोड़ बाहल में गत शाम एक स्लेट नुमा पुश्तैनी मकान जलकर राख हो गया। घटना से पीड़ित परिवार को करीब पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार जंगल में आग लगी हुई थी। जंगल के साथ लोगों की मलकियत भूमि भी थी और जंगल से आग लोगों की मलकियत भूमि से तेज हवा से मकान तक पहुंच गई और देखते ही देखते दो मंजिला स्लेट पोस मकान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार लैहडींसरेल पंचायत के गांव जोल बाहल के अमर सिंह धीमान बीमार है और वह सोमवार को दवा लेने के लिए पठानकोट गए हुए थे। घर पर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। सोमवार शाम को लोगों ने मकान से आग की लपटें निकलती देखी। स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठे हुए लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी भयानक थी कि देखते-देखते चार कमरों का मकान और भीतर का सामान जलकर राख हो गया। आग से कमरों के अंदर रखा टीवी, फ्रिज, कपड़े, नकदी व राशन सहित सब जलकर राख हो गया। घर तक सड़क न होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी।



मकान में लगी आग ने मचाया कहर

### 10,000 रुपए की दी फौरी राहत

**वहीं,** हलका पटवारी अभिषेक ने बताया कि फौरी राहत के तौर पर पीड़ित परिवार को 10,000 रुपए की राहत राशि दी गई है। नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है जो शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी। रिपोर्ट तैयार करने में जुटे अधिकारी।

घर तक कोई भी सड़क सुविधा न होने के कारण भी सबसे बड़ा कारण रहा कि आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

## न्यूज ब्रीफ

### मिस्टर मुस्कुलर प्लानेट प्रतियोगिता में छाया चंद्रकांत

**घुमारवीं।** पॉलिटेक्निक कॉलेज सुंदरनगर में आयोजित की गई। मिस्टर मुस्कुलर प्लानेट प्रतियोगिता में घुमारवीं के चंद्रकांत ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में करीब 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें बॉडी बिल्डिंग करते हुए दर्शकों सहित बड़े बिल्डर का मनमोह लिया और चंद्रकांत को इस प्रतियोगिता में गोल्डमेडल देकर सम्मानित किया गया। चंद्रकांत हर रोज जिम में अभ्यास कर एक बॉडी बिल्डर खिलाड़ी के रूप में उभरकर सामने आए। चंद्रकांत ने कहा कि उनकी इस सफलता के पीछे उनके परिजनों और उनके गुरुओं का आशीर्वाद है।

### तीन छात्रों ने पास की एनएमएमएस की परीक्षा

**सुन्नी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलसिंडी के तीन छात्रों ने एनएमएमएस की परीक्षा पास की है। अध्यापक अनिल कुमार ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से 2023 में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद सोलन के तत्वावधान से आयोजित की गई। परीक्षा में विद्यालय के कक्षा आठवीं के छह विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया था। इसमें से तीन विद्यार्थियों ने इस परीक्षा को पास किया। इसमें वैष्णवी कंवर, साहिल तथा मिताली ने इस परीक्षा को पास कर नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को 1000 प्रति माह की दर से कक्षा नौवीं से कक्षा 12वीं तक देय होंगे।

### निखिल राजपूत बने बिलासपुर के जिला संयोजक

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश का प्रदेश अभ्यास वर्ग पांवटा साहिब में संपन्न हुआ। इस मौके पर विभाग प्रमुख विभाग संयोजक जिला प्रमुख जिला संयोजक आदि संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई। इसमें निखिल राजपूत को जिला बिलासपुर का जिला संयोजक बनाया गया। हमीरपुर विभाग की संयोजक नेहा ठाकुर को बनाया गया। निखिल राजपूत ने बताया कि पांवटा साहिब में प्रदेश अभ्यास वर्ग में यह घोषणाएं हुईं। उन्होंने बताया इस अभ्यास वर्ग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अखिल भारतीय विशेष आमंत्रित सदस्य नागेश ठाकुर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय प्रताप, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश, प्रदेश मंत्री आकाश नेगी एवं प्रदेश संगठन मंत्री गौरव अत्री भी उपस्थित रहे।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को शुरू किया साइकिल अभियान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में होने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के मकसद से राज्य निर्वाचन विभाग ने साइकिल अभियान की शुरुआत की है। शिमला के रिज मैदान से मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने दुनिया के सबसे ऊंचे पोलिंग स्टेशन टशीगंग के लिए साइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो आज यानि 14 से 20 मई तक चलेगा। अभियान 414 किलो मीटर का सफर तय कर शिमला से ठियोग, रामपुर, रिकांगपिओ होता हुआ काजा, टशीगंग पहुंचेगा। अभियान की अगुवाई मंडी के साइकिलिस्ट जसप्रीत पाल कर रहे हैं जिन्हें निर्वाचन विभाग हिमाचल द्वारा राज्य चुनाव आइकॉन बनाया गया है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी बागा के कर्मियों ने बच्चों को वितरित की पाठ्य सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी लिमिटेड, बागा सीमेंट वर्कर्स बागा के इकाई प्रमुख नीतेश निराला ने साई ब्राह्मणा का दौरा किया।

उनके साथ कंपनी के प्रशासन एवं सुरक्षा विभागाध्यक्ष पीयूष रंजन शुक्ला, अनुभाग प्रमुख बिन्नी ठाकुर, कनिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार एवं सुजाता कुमारी भी उपस्थित रहे।

इकाई प्रमुख नीतेश निराला ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला साई ब्राह्मणा की पूर्व- प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को जादुई स्लेट, प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिकाएं व लेखन सामग्री तथा चार्ट इत्यादि भेंट किए। प्रधानाचार्य राकेश पाठक ने नीतेश निराला एवं उनके साथ उपस्थित अन्य पदाधिकारियों का विद्यालय के विकास में योगदान, के लिए आभार व्यक्त किया और विद्यालय में पधारने के लिए इन सभी का धन्यवाद किया।



# निर्दलीय उम्मीदवार कुंदन लाल कश्यप ने दर्ज करवाया नामांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शिमला संसदीय क्षेत्र से नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप के समक्ष दर्ज किया।

कुंदन लाल कश्यप (65) पुत्र नन्तिया राम, गांव बगोटी, डाकघर बड़ोग, तहसील ठियोग, जिला शिमला ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने तक शिमला संसदीय क्षेत्र से कुल 8 उम्मीदवारों ने नामांकन दर्ज किए हैं, जिनकी छंटनी प्रक्रिया 15 मई, 2024 को होगी। उम्मीदवार अपना नामांकन वापिस करने के लिए 17 मई, 2024 शुक्रवार को अपराहन 3 बजे से पहले आवेदन कर सकते हैं।

## डीएवी स्कूल कोटखाई का रिजल्ट बेहतरीन

**कोटखाई।** सीबीएसई परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ कोटखाई डीएवी स्कूल कोटखाई के 10वीं व 12वीं कक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं में वंशिका ने 93 प्रतिशत, आर्यन शर्मा 91.8 प्रतिशत, युग शर्मा का 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं दसवीं कक्षा में हर्षित शर्मा ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान, अंतरा मेहता ने द्वितीय तथा वंशिका राज ने तिसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने इस उपलब्धि पर सभी अभिभावकों और बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## दूनी गांव से सोलर लाइट ले उड़े शातिर

**रिकांगपिओ।** दूनी गांव मे सोलर लाइट ट्यूब चोरी होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। सोमवार रात को दूनी पंचायत घर के नजदीक पानी टैंक के पास से सोलर ट्यूब चोरी करने का मामला सामने आया है। प्रधान दूनी पंचायत दिवान नेगी ने कहा कि दूनी पंचायत क्षेत्र के दूनी गांव में सोलर लाइट चोरी करने का मामला थमा नहीं है। सोमवार रात को भी चोरों ने पंचायत घर के सामने एक सोलर ट्यूब चोरी किया गया। नेगी ने कहा कि इस तरह अभी तक दूनी गांव से सात सोलर लाइट ट्यूब तथा सीसीटीवी केमरा चोरी हो चुका है। अगर चोरी होने का यही सिलसिला जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब दूनी गांव मे एक भी सोलर लाइट नहीं बचेगा। नेगी ने कहा कि इन बारे प्रभारी कल्पा चौकी को सूचित मर दिया गया।

# रोपा से थोरोपा सड़क तीन माह बाद भी नहीं हुई बहाल, ग्रामीण परेशान


**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

तीन माह पूर्व बारिश व बर्फबारी से अवरुद्ध हुआ रोपा से थोरोपा दो किलोमीटर संपर्क सड़क को विभाग तीन माह बाद भी बहाल नहीं कर पाई है। इससे थोरोपा में कृषि, बागवानी से संबंधित कार्य के लिए रह रहे रोपा के ग्रामीणों को खासा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

मार्ग बहाली के लिए पंचायत की ओर से बकायदा प्रस्ताप पारित कर लोकनिर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कल्पा, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को भी लिख चुके है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, प्रधान रोपा इंद्र लोकट्स ने कहा कि मार्ग बहाली के लिए पंचायत व अपने स्तर पर लिखित व मौखिक रूप से विभाग के अधिकारियों को बता चुके है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

### जल्द बहाल कर दिया जाएगा रोड

**सहायक** अभियंता लोक निर्माण विभाग पूह चमन लाल सुमन ने कहा कि थोरोपा संपर्क सड़क पर बड़े-बड़े बोल्डर्स गिरा है। इससे काम नहीं हो रहा है। आज ही ब्लास्टिंग के लिए कंप्रेशर भेजा है तीन दिन के भीतर मार्ग बहाल कर दिया जाएगा।



पत्थर गिरने से बंद पड़ा रोपा से थेरोपा रोड

# कॉमेडी किंग श्याम व गायक अभिषेक ने मतदाताओं से की वोट डालने की अपील

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सोशल मीडिया इंफ्लुएंस व यू-ट्यूबर ने पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में बिलासपुर के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर अपने अपने अंदाज में लोगों से वोट करने की अपील की जा रही है।

बिलासपुर के जाने-माने कॉमेडी किंग हिमाचली मुंडा के नाम से प्रसिद्ध श्याम ने अपने फेसबुक पेज पर अपने ही अंदाज में लोगों को पहली जून के दिन वोट देने और एक वोट की कीमत के बारे में बताया। वहीं, भजन गायक अभिषेक सोनी ने फेसबुक पर रील के माध्यम से लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। अभिषेक सोनी के यूट्यूब चैनल पर



श्याम।



अभिषेक सोनी।

एक लाख 43 हजार और फेसबुक पेज पर एक लाख 27 हजार फॉलोअर्स है। झंडूता क्षेत्र के गायक और वाइस ऑफ पंजाब के विजेता गौरव गोंडल ने लोगों से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गौरव गोंडल के फेसबुक और यू-ट्यूब पर लाखों फॉलोअर्स हैं।

झंडूता क्षेत्र के ही एक और उभरते गायक और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर प्रिंस कपिल ने भी विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान और मत को अपनी ताकत समझकर मतदान में हिस्सा लेना चाहिए।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के बयान पर भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मत है कि देश के भ्रष्ट और सनातन विरोधी ताकतें इकट्ठा हो कर के अपने वजूद और राजनीतिक अस्तित्व को बचाने का अंतिम प्रयास कर रहे हैं।

देश की जनता आने वाले लोकसभा के चुनावों में उसका मुंहतोड़ जवाब देगी। कांग्रेस द्वारा कहा गया कि लोकतंत्र को बचाने का ये चुनाव है इस प्रकार की बात करने वाले ये भूल गए कि इस देश में आजादी के बाद एक बार ही लोकतंत्र का गला घोंटा गया। लोकतंत्र का गला घोंटने का काम कांग्रेस के नेता और देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने किया और इस देश की सभी संस्थाओं को पूर्णता ईमानदारी से और स्वतंत्रता से काम करने का प्रतिबंध उन पर लगाने का काम जिंस पार्टी की सरकार ने किया हो उसके मुंह से लोकतंत्र को बचाने की बात ठीक नहीं लगती। उन्होंने कहा कि इस ठगबंधन की मजबूरी है उनकी राजनीतिक जमीन खिसकती चली जा रही है जो पार्टी 414, 425 का बहुमत लेकर के कभी देश पर राज़ करती थी, वह 40 पर सिमट गई है। उन्होंने राकेश सिंघा पर प्रहार करते हुए कहा कि जो सारी जिंदगी कांग्रेस का विरोध करते करते, जो कांग्रेस को भ्रष्टाचार के लिए पानी पी-पी कर कोसते थे, कांग्रेस के साथ और आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर लोकतंत्र को बचाने की दुहाई दे रहे हैं।

**परेशानी** | शिमला में पहले सामान ढोने के लिए किया जाता था घोड़ा गाड़ियों का इस्तेमाल

# वाहनों ने खत्म किया घोड़ों और खच्चरों का काम

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला में वाहनों के आने के कारण घोड़ों और खच्चरों का काम खत्म होने लगा है। चार पहिया वाहनों ने इनकी जगह ले ली है। पहले सामान ढोने के लिए घोड़े और खच्चरों का इस्तेमाल किया जाता था। शिमला में घोडा गाड़ियों और घोड़ों का बहुत पुराना प्रचलन रहा है। ब्रिटिश काल में इसे शाही सवारी भी माना जाता था।

शिमला की अनाज मंडी, हिमाचल की सबसे बड़ी मंडी हुआ करती थी। दूर-दूर से लोग यहां अनाज खरीदने के लिए पहुंचते थे। अनाज रखने के लिए यहां बहुत बड़े बड़े गोदाम बने थे, जिन्हे आज भी देखा जा सकता है। इन गोदामों में व्यस्थागत ढंग से घोड़ों और खच्चरों के आने-जाने के लिए व्यस्था की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### अनाज मंडी तक नहीं पहुंचते थे बड़े वाहन

**आज** के समय में हर जगह विभिन्न मंडियां खुल गई है। इससे अनाज आसानी से उपलब्ध हो जाता है। मौजूदा समय में लोग शिमला आने से बेहतर अन्य स्थानों पर जाना पसंद करते है। इसका बहुत बड़ा कारण यह भी है कि अनाज मंडी तक बड़े वाहन नहीं पहुंच पाते है।

### तब नहीं था यहां गाड़ियों का प्रचलन

**करीब** 50 वर्ष पहले तक यहां घोड़ों और खच्चरों के माध्यम से ही अनाज की ढुलाई की जाती थी। दीकप श्रीधर ने कहा कि अनाज मंडी में उनकी करियाने की दुकान है और उनके परदादा के समय से यह दुकान चल रही है। जब गाड़ियों का प्रचलन नहीं था, तब लोग घोड़ों और खच्चरों के माध्यम से सामान की ढुलाई किया करते थे।

### सुरंगों से पहुंचते थे घोड़े और खच्चर

**घोड़ों** और खच्चरों की आवाजाही के लिए एक व्यस्थागत प्रणाली बनाई गयी थी। शहर में कुछ सुरंगे हुआ करती थी, जिन्हें खच्चर सुरंग कहा जाता था। एक सुरंग ऑकलैंड के पास से लोअर बाजार होकर गंज बाजार पहुंचती थी। यहां घोड़ों के विश्राम के लिए जुब्बल के राजा राणा भगत चंद द्वारा अस्तबल बनवाया गया था। यहां सारा सामान खच्चरों और घोड़ों के माध्यम से पहुंचता और रवाना होता था।

### यह थी प्रदेश की सबसे बड़ी अनाज मंडी

**अनाज** मंडी एक समय में हिमाचल प्रदेश की सबसे बड़ी अनाज मंडी हुआ करती थी। पुरे प्रदेश और बहार से भी लोग यहां अनाज लेने के लिए पहुंचते थे। 1987 के बाद वाहनों का प्रचलन शुरू हुआ। इसके बाद घोड़ों और खच्चरों की जगह वाहनों ने ले ली। घोड़ों और खच्चरों के माध्यम से सामान की ढुलाई हुआ करती थी। अनाज मंडी में आलू की ढांकें हुआ करती थी, इसके अलावा भी आम, मिर्च और कई प्रकार की सब्जियां यहां पहुंचती थी।

## गलत बयानबाजी कर रहे कांग्रेस नेता: महेंद्र

**घुमारवीं।** कांग्रेस नेता हिमाचल प्रदेश में होने वाले चार लोकसभा क्षेत्र ओर छह विधानसभा क्षेत्र में पहली जून को होने वाले चुनाव में अपनी हर को सामने देखकर हताश व निराश होकर आए दिन हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवंभाजपा प्रत्यासी अनुराग ठाकुर के विरुद्ध गलत बयानबाजी पर उतर आए हैं, यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह बात भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान ने कही। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस नेता हिमाचल में आपदा के दौरान केंद्र द्वारा कोई भी सहायता न देने के आरोप को हास्य पद व तथ्यों से कोसों दूर बताया। जबकि वास्तविकता यह है कि केंद्र की मोदी सरकार ने आपदा के दौरान हिमाचल को लगभग 1200 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी है।

